**घर में लगी आग पांच लोग झुलसे**

नई दिल्ली 29 मार्च (निस) केशव पुरम पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अनाज मंडी में स्थित एक घर में आग लग गई। आग लगने की इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। सूचना मिलते ही आग बुझाने के लिए तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम किया।


दैनिक

# भारत देश हमारा

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी     www.Bharatdeshhamara.com     DAILY BHARAT DESH HAMARA PATIALA

रजिस्ट्रेशन नं. पीबी/पीटीए ( 0273 )/2024-26  PRGI (RNI) Regd. No.42376/1985  वर्ष 42  अंक 87 पटियाला सोमवार 30 मार्च 2026  मूल्य दो रुपए  कुल पृष्ठ: 8 फोन : 0175-5061948, Posted at RMS Patiala  E-mail:- bdhpatiala@gmail.com


**हादसे में 3 लोग मारे गए**

बालाघाट, 29 मार्च (निस) मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में बैहर-मलाजखंड मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सड़क से नीचे उतरकर पलट गई। पलटते ही कार में आग लग गई। इस हादसे में कार सवार एक ही परिवार के तीन लोग जिंदा जल गए। मृतकों में एक 3 साल का बच्चा भी है। किसी को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला।

## अमेरिका-इजराइल का होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरानी शहर पर हमला, 5 मरे, निर्णायक प्रहार जल्द



नई दिल्ली, 29 मार्च (निस) मिडिल ईस्ट में जारी तनाव अब विनाशकारी मोड़ में पहुंच गया है। रविवार सुबह अमेरिका और इजराइल ने होर्मुज स्ट्रेट के पास स्थित एक ईरानी शहर पर हमला किया है। इस हमले में पांच लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा तेहरान में ईरानी सैन्य ठिकानों पर भी हमला हुआ है। मीडिया के मुताबिक रविवार को अमेरिका और इजराइल के हमलों में रणनीतिक होर्मुज स्ट्रेट के पास स्थिति ईरानी शहर बंदर खमीर के घाट पर हमला किया गया, जिसमें पांच आम नागरिकों की मौत हो गई और चार घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट में इजराइली सेना के मुताबिक पूरे ईरान में हमलों की एक और लहर पूरी हो गई है, राजधानी तेहरान में भारी विस्फोटों की आवाजें सुनाई देने के कुछ ही घंटों बाद यह घटना हुई। एक्स पर जारी बयान में आईडीएफ ने दावा किया कि हमलों में हथियार भंडारण और उत्पादन स्थलों के साथ-साथ हवाई रक्षा प्रणालियों को भी निशाना बनाया गया। बता दें मिडिल ईस्ट में युद्ध शुरू होने के एक महीने बीत जाने के बावजूद कोई पीछे हटने को तैयार नहीं है। ईरान जहां लगातार खाड़ी देशों पर हमले कर रहा है, वहीं अमेरिका ईरान के खिलाफ बड़े सैन्य हमले की तैयारी कर रहा है।

ताजा रिपोर्टों के मुताबिक अमेरिकी नौसेना का युद्धपोत यूएसएस त्रिपोली 3500 अतिरिक्त सैनिकों और घातक लड़ाकू विमानों के साथ खाड़ी में तैनात है। ट्रंप प्रशासन ईरान के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण खार्ग द्वीप और होर्मुज स्ट्रेट पर कब्जे या हमले की योजना बना रहा है। इसके लिए अमेरिका ईरान में कई हफ्तों तक चलने वाले जमीनी वॉर की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट में वाशिंगटन के अज्ञात अधिकारियों के हवाले से बताया कि ट्रंप किसी भी हमले को मंजूरी देंगे या नहीं, यह अभी अनिश्चित बनी हुई है।

**'फाइनल ब्लो' की तैयारी!** - अमेरिका ईरान के खिलाफ सीमित जमीनी अभियान की तैयारी कर रहा है, जिसमें खार्ग द्वीप और होर्मुज जलमार्ग जैसे अहम निशाने पर हैं।

## ऊर्जा संकट को लेकर जनता किसी के बहकावे में न आए, डटकर चुनौती का सामना करेंगे

### मन की बात में पीएम ने विश्व स्थिति पर जताई चिंता, युवाओं को फिटनेस पर जोर देने को कहा




नई दिल्ली 29 मार्च (निस) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में देश को संबोधित करते हुए नागरिकों से सजग और जिम्मेदार बने रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि दुनिया पहले ही कोविड-19 महामारी के कारण लंबे समय तक कठिन परिस्थितियों से गुजर चुकी है और उम्मीद थी कि इसके बाद वैश्विक हालात सुधरेंगे, लेकिन इसके विपरीत कई क्षेत्रों में युद्ध और संघर्ष की स्थिति लगातार बनी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने खास तौर पर पड़ोसी देशों में जारी भीषण संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका असर केवल उन देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर इसके परिणाम देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में भारतीयों के परिवार और रिश्तेदार रहते हैं, विशेषकर खाड़ी देशों में कार्यरत लोग। उन्होंने खाड़ी देशों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वहां रह रहे एक करोड़ से अधिक भारतीयों की हर संभव मदद की जा रही है।

**ऊर्जा संकट पर भारत की तैयारी** - प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में संघर्ष चल रहा है, वे भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं के प्रमुख स्रोत हैं। ऐसे में पेट्रोल और डीजल को लेकर वैश्विक संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत ने पिछले एक दशक में अपने वैश्विक संबंधों को मजबूत किया है, जिससे वह इन चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है।

**देशवासियों से एकजुट रहने का संदेश** - पीएम मोदी ने इस समय को चुनौतीपूर्ण बताते हुए कहा कि सभी देशवासियों को एकजुट होकर देशहित को सर्वोपरि रखना चाहिए। न्होंने स्पष्ट कहा कि यह विषय राजनीति से ऊपर है और इससे 140 करोड़ नागरिकों का भविष्य जुड़ा हुआ है।

**अफवाहों से सावधान रहने की अपील** - प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि अफवाहें फैलाने वाले तत्व देश को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे जागरूक रहें और किसी भी भ्रामक सूचना के बहकावे में न आएं। उन्होंने विश्वास जताया कि देश पहले की तरह इस संकट से भी एकजुट होकर बाहर निकलेगा। प्रधानमंत्री ने युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और युवाओं की भागीदारी से राष्ट्र निर्माण को नई दिशा मिलती है। उन्होंने माय भारत जैसे संगठनों और विभिन्न प्रतियोगिताओं में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। खेलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने टी-20 विश्व कप और रणजी ट्रॉफी में भारतीय खिलाड़ियों की उपलब्धियों को प्रेरणादायक बताया।

### तमिलनाडु के प्रसिद्ध मंदिर की छत गिरी, महिला श्रद्धालु की मौत, दो घायल

चेन्नई, 29 मार्च (निस) तमिलनाडु के त्रिची में प्रसिद्ध सामयापुरम मरियम्मन मंदिर के मंडपम में सो रही एक महिला श्रद्धालु की छत का हिस्सा गिरने से मौत हो गई। सामयापुरम मरियम्मन मंदिर तमिलनाडु के सबसे बड़े शक्ति मंदिरों में से एक है। दूर-दूर से श्रद्धालु पैदल चलकर यहां आते हैं, रात को मंडपम में रुकते हैं और सुबह माता मरियम्मन के दर्शन करते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक थंजावुर जिले से अपने परिजनों के साथ आई नथिया (32) अन्य श्रद्धालुओं के साथ मंडपम में सो रही थी। रात को अचानक छत का एक बड़ा हिस्सा टूटकर तीन महिलाओं पर आ गिर गया। नथिया को भी इस हादसे में गंभीर चोटें आईं उसकी मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दो अन्य महिलाओं को वहां मौजूद दूसरे श्रद्धालुओं ने बचाया और अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। यह सवाल उठ रहे हैं कि इतने बड़े और प्रसिद्ध मंदिर में इमारत की नियमित जांच क्यों नहीं होती और श्रद्धालुओं की सुरक्षा का जिम्मा कौन लेगा। यह हादसा उस वक्त हुआ जब मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। एक तरफ जहां लोग आस्था लेकर आते हैं वहीं इस तरह की घटनाएं मंदिर प्रशासन की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं।

## अमेरिका के अनेक शहरों में राष्ट्रपति ट्रम्प की ईरान नीति एवं युद्ध के खिलाफ 'नो किंग्स' विरोध प्रदर्शन किए गए




वाशिंगटन, 29 मार्च (निस) पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के 30वें दिन प्रवेश करने के साथ ही इसके प्रभाव अब सात समंदर पार अमेरिका की सड़कों पर साफ दिखाई देने लगे हैं। शनिवार को अमेरिका के तमाम छोटे-बड़े शहरों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान नीति और युद्ध के खिलाफ नो किंग्स विरोध प्रदर्शनों की तीसरी लहर देखी गई। लाखों की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर युद्ध को तुरंत रोकने, बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाने और प्रशासन की कठोर नीतियों में बदलाव की मांग की। यह विरोध प्रदर्शन ऐसे समय में हो रहा है जब ईरान और इजरायल के बीच मिसाइलों और ड्रोनों का हमला तेज हो गया है, जिससे खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर भी खतरा मंडरा रहा है। इस युद्ध की तपिश ने न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है, बल्कि अमेरिका के भीतर भी विभाजन और असंतोष की रेखाएं खींच दी हैं। प्रदर्शनों में रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों ही विचारधारा वाले राज्यों के नागरिकों ने एकजुट होकर हिस्सा लिया, जो इस आंदोलन की व्यापकता को दर्शाता है।

न्यूयॉर्क के मिडटाउन मैनहटन से लेकर सैन फ्रांसिस्को के सिविक सेंटर तक, प्रदर्शनकारियों ने तख्तियों, नारों और गीतों के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया। जहां एक ओर मैनहटन में लोग ट्रंप प्रशासन की आप्रवासन नीतियों और ईरान संघर्ष के विरुद्ध मार्च कर रहे थे, वहीं सैन फ्रांसिस्को में प्रदर्शनकारियों ने यूक्रेन के समर्थन और मानवाधिकारों के लिए आवाज उठाई। सेंट पॉल, मिनेसोटा में आयोजित एक विशाल रैली ने इस आंदोलन को और मजबूती दी, जहां प्रसिद्ध रॉक कलाकार ब्रूस स्प्रिंगस्टीन ने अपनी प्रस्तुति से लोगों में उत्साह भरा। इस दौरान उन्होंने हाल ही में फेडरल इमिग्रेशन एजेंट्स की कार्रवाई में जान गंवाने वाले एलेक्स प्रेट्टी और रिनी गुड को भावभीनी श्रद्धांजलि भी दी।

## रक्षामंत्री राजनाथ वाली कमेटी ने ऊर्जा संकट पर की पहली बैठक, कहा-स्थिति पर पैनी नजर




नई दिल्ली, 29 मार्च (निस) पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ईरान से जुड़े हालात के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार शाम एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक मंत्रियों के अनौपचारिक समूह (इंटर-मिनिस्ट्रियल ग्रुप) की पहली बैठक थी, जिसमें देश पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू और परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह सहित कई वरिष्ठ मंत्री मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार, बैठक में देश में ईंधन आपूर्ति की स्थिति, एलपीजी की संभावित कमी और अंतरराष्ट्रीय संकट के आर्थिक प्रभाव जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। सरकार ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न विकल्पों और रणनीतियों पर विचार किया। गौरतलब है कि 27 मार्च शुक्रवार को ही राजनाथ सिंह की अगुवाई में इस इंटर-मिनिस्ट्रियल ग्रुप का गठन किया गया था, जिसका उद्देश्य पश्चिम एशिया में बिगड़ते हालात के भारत पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन करना और आवश्यक कदम उठाना है। इससे पहले शुक्रवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों व उपराज्यपालों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की थी।

### भारत-ईयू ने एमसी 14 एजेंडा के तहत प्रमुख प्राथमिकताओं पर चर्चा की-पीयूष गोयल



नई दिल्ली, 29 मार्च (निस) वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कैमरून में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की 14वीं मंत्रिस्तरीय बैठक में यूरोपीय संघ के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविच से मुलाकात की और भारत-ईयू एफटीए पर प्रगति की समीक्षा की। दोनों नेताओं ने एमसी 14 एजेंडा के तहत प्रमुख प्राथमिकताओं पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापारिक साझेदारी को और गहराने के अवसरों पर भी चर्चा हुई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गोयल ने नाइजीरिया के उद्योग, वाणिज्य और निवेश मंत्री डॉ. जुमोके ओडुवोले से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि एमसी 14 एजेंडा पर चर्चा की गई और दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने के अवसरों का पता लगाया गया।

## पश्चिम एशिया संकट केबीच एलपीजी गैस लेकर एक और जहाज गुजरात के जामनगर पहुंचा



जामनगर 29 मार्च (निस) पश्चिम एशिया संकट के बीच रसोई गैस (एलपीजी) लेकर एक और जहाज गुजरात के जामनगर में वडीनार बंदरगाह पहुंचा गया है। कांडला बंदरगाह पहुंचने के बाद एमटी जग वसंत जहाज की तस्वीर सामने आई है जिस पर 47,000 मीट्रिक टन लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लदी हुई है। वडीनार बंदरगाह पर लंगर डालकर खड़े जग वसंत जहाज पर से गैस को दूसरी जहाजों में खाली किया जा रहा है। जग वसंत उन दो जहाजों में से एक है जो सोमवार सुबह फारस की खाड़ी से रवाना हुआ था। सूत्रों के हवाले से बताया कि इन मर्चेंट जहाजों को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत तैनात थे। एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत होर्मुज स्ट्रेट को पार करने से पहले सोमवार सुबह फारस की खाड़ी से रवाना हुए। दोनों एक-दूसरे के करीब चल रहे हैं। इन जहाजों पर लदी गैस देश में करीब एक दिन की खाना पकाने की गैस मौजूद है। जहाजों की आवाजाही पर नजर रखने से जुड़े आंकड़ों से इसकी जानकारी मिली। सूत्रों का कहना है कि कुछ और जहाजों के जल्द ही पहुंचने की संभावना है।

### अर्थव्यवस्था पर कंगना रनौत की सलाह... राहुल गांधी को ट्यूशन लेने की जरुरत



नई दिल्ली 29 मार्च (निस) भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने फिर लोकसभा में अपने आक्रामक तेवरों से सुर्खियां बटोरी हैं। दिवाला और शोधन अक्षमता (संशोधन) विधेयक, 2025 पर चर्चा के दौरान मंडी से सांसद कंगना ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आड़े हाथों लेकर कहा कि उन्हें देश की अर्थव्यवस्था को समझने के लिए ट्यूशन लेने की जरूरत है। संसद में सदन को संबोधित करते हुए बीजेपी महिला सांसद कंगना ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली पिछली सरकारों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि देश में एक दौर था जब प्रधानमंत्री के कार्यालय से फोन करके बड़े उद्योगपतियों को लोन दिलाए जाते थे। कंगना के अनुसार कांग्रेस काल में बैंकों की रिकवरी दर महज 5 से 20 प्रतिशत के बीच सिमट गई थी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के समय में एनपीए 11.5 प्रतिशत था, जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मार्च 2025 तक घटकर मात्र 2.25 प्रतिशत रह गया है।

## हर नागरिक को मौजूदा विकट स्थिति से निपटने के लिए सरकार का सहयोग करना होगा-सीएम सैनी



कुरुक्षेत्र, 29 मार्च (करणदीप सिह): मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई देशों के बीच चल रहे युद्ध की परिस्थितियों से अवगत करवाते हुए देश के नागरिकों से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की है। हम अलग-अलग अफवाहों और झूठ पर ध्यान देने की जरुरत नहीं है। ऐसे कठिन समय में भी विपक्षी पार्टियों लगातार अफवाहों और झूठ को फैला रही हैं। ऐसी कांग्रेस पार्टी के लोगों के घरों में लॉकडाउन लगा हुआ है और वो ही ऐसी अफवाहें फैला रहे हैं। उन्होंने प्रदेश के नागरिकों से सरकार द्वारा जारी की जाने वाली जानकारियों के आधार पर फैसला लेने की अपील करते हुए कहा कि देश व प्रदेश में सभी प्रकार की स्थिति सामान्य है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को कुरुक्षेत्र भाजपा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, जिला प्रभारी दीपक शर्मा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कुछ तो झूठ फैलाना ही था। पहले केजरीवाल खुद और अपने नेताओं को ईमानदार बता रहा था, पर देश की जनता के सामने पूरा सच आ चुका है। पंजाब में केजरीवाल की सरकार में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही है। वहां के किसान, महिला, युवा और गरीब वर्ग सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने कहा कि पंजाब के साथ लगते हरियाणा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यहां पर सभी वर्गों को सभी मूलभूत सुविधाओं मिल रही हैं। पंजाब में भी आने वाले समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी को दिल्ली में भी टेंशन थी, अब पंजाब में टेंशन हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले दिल्ली की टेंशन दूर की और अब पंजाब में भी कर दी जाएगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जो काम करते हैं, उसमें दिखावा नहीं है। जबकि कांग्रेस व आम आदमी के समय में काम कम और बात ज्यादा होती रही हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों के शासन के समय में आमजन के लिए योजनाएं बनाई जाती थी और वो योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती थी। ऐसे में नुकसान जनता का होता है। ऐसा ही पहले दिल्ली के नागरिक और अब पंजाब के नागरिक खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। वहां की सरकार काम करने की बजाए भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे हालात को पांच साल की टर्म तक कोई कुछ नहीं कर सकता है, पर चुनाव के दौरान **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

### केरल में चुनावी दस्तावेज पर बीजेपी की मुहर मामले में चुनाव आयोग का एक्शन

नई दिल्ली, 29 मार्च (निस) केरल में चुनाव आयोग के दस्तावेज पर बीजेपी की मुहर के बाद विवाद खड़ा हो गया था। अब इस मामले में एक्शन लेते हुए केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रत्न यू केलकर ने दो अधिकारियों को हटा दिया है। आयोग ने उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी और एक अनुभाग अधिकारी को उनके मूल विभागों में वापस भेज दिया है। चुनाव आयोग की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि घटना की जानकारी सामने आने के बाद आयोग ने आईएएस अधिकारी से जांच करवाई थी। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी और अनुभाग अधिकारी को उनके चुनाव संबंधी कर्तव्यों से मुक्त कर उनके मूल विभागों में वापस भेज दिया है।

बता दें यह विवाद उस समय सामने आया था, जब केरल में राजनैतिक पार्टियों को भेजे गए एक हलफनामे में चुनाव आयोग की जगह बीजेपी की मुहर लगी थी। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने इस घटना को जोर शोर से उठाया था।

### केवल चार सालों में 990 क्लीनिक दे रहे बेहतर सेहत सेवाएं

## अरविंद केजरीवाल एवं सीएम मान ने 109 आम आदमी क्लीनिक लोगों को समर्पित किए




फतेहगढ़ साहिब; 29 मार्च (निस) पंजाब में अपने प्रमुख स्वास्थ्य देखभाल मॉडल को बड़ा बढ़ावा देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) की पंजाब सरकार ने आज 109 नए आम आदमी क्लीनिक लोगों को समर्पित कर दिए। इससे राज्य में ऐसे क्लीनिकों की कुल संख्या चार सालों के अंदर 990 हो गई है और आने वाले दिनों में 400 और क्लीनिक खोले जाएंगे। अपनी सरकार के स्वास्थ्य मॉडल को सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे के बड़े स्तर पर विस्तार के रूप में पेश करते हुए 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये क्लीनिक 107 दवाइयां और 47 डायग्नोस्टिक टेस्ट पूरी तरह मुफ्त प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस स्वास्थ्य नेटवर्क के तहत अब तक लगभग 5 करोड़ ओ.पी.डी. विजिट दर्ज की जा चुकी हैं। 'आप' सुप्रीमो ने बताया कि सरकार 65 लाख परिवारों को स्वास्थ्य कार्ड जारी कर रही है, जिनमें से 30 लाख कार्ड पहले ही बन चुके हैं और 1.65 लाख लोगों ने इससे इलाज का लाभ उठाया है। अपने खिलाफ आरोपों और कानूनी कार्रवाइयों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी की काम की राजनीति को रोकने के लिए मुझे और मेरी पार्टी के अन्य नेताओं को झूठे मामलों में जेल भेजा गया था। उन्होंने कहा कि अदालत को उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला और अदालत के फैसले ने उनकी कट्टर ईमानदारी को कायम रखा। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने दिल्ली के साथ तुलना करते हुए पंजाब के मतदाताओं को भाजपा की जन-विरोधी नीतियों के खिलाफ आगाह करते हुए कहा कि अगर भाजपा की सरकार आई तो वह दिल्ली की तरह मुफ्त बिजली, स्वास्थ्य देखभाल और अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं को वापस ले लेगी। फतेहगढ़ साहिब में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 109 नए आम आदमी क्लीनिकों का उद्घाटन किया जा रहा है, जहां गरीबों को इलाज और मुफ्त दवाइयां मिलेंगी। उन्होंने कहा कि पिछले चार सालों में 881 आम आदमी क्लीनिक पहले ही बनाए जा चुके हैं और आज इस सूची में 109 और क्लीनिक जोड़े जा रहे हैं, जिससे इन क्लीनिकों की कुल संख्या 990 हो गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में 400 और आम आदमी क्लीनिक स्थापित किए जाएंगे, जिसके बाद पूरे **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

# जनसेवा के कार्यों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी : डॉ. बलराम शर्मा

**बोले : युवा विचार मंच की पूरी टीम काबिले तारीफ, उनका यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक**




**करनाल, 29 मार्च ( संदीप रोहिला ):** युवा विचार मंच, बांसा एवं अपर्णा हॉस्पिटल मधुबन के संयुक्त तत्वावधान में गांव बांसा में दूसरे निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी कॉलेज, करनाल के राजनीतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ बलराम शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर युवा विचार मंच के सभी पदाधिकारीयों ने मुख्य अतिथि डॉ बलराम शर्मा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ बलराम शर्मा ने कहा कि जन सेवा के कार्यों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी बहुत जरूरी है। इस प्रकार के कार्यक्रम गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बहुत जरूरी है। इससे ग्रामीण अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हैं। उन्होंने युवा विचार मंच की पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं द्वारा किया जा रहा यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजेश आर्य पाढा ने कहा की बदलती जीवन शैली में लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना बेहद जरूरी है। विशिष्ट अतिथि बलजीत मलिक समाजसेवी ने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से लोगों को समय-समय पर अपनी जांच करवानी चाहिए। कार्यक्रम में युवा विचार मंच के अध्यक्ष राहुल बांसा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों की नेत्र जांच, हृदय रोग जांच तथा घुटनों की जांच की गई। कई मरीजों को मौके पर ही निशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। इस शिविर में दो सौ से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। उन्होंने बताया कि इस संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से लोगों को जागरूक करना है। कार्यक्रम के अंत में युवा विचार मंच के सभी पदाधिकारीयों ने मुख्य अतिथि डॉ बलराम शर्मा, कार्यक्रम के अध्यक्ष राजेश आर्य पाढा एवं विशिष्ट अतिथि बलजीत मलिक को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर युवा विचार मंच के उपाध्यक्ष अमित भोला, सचिव अमित माहला, प्रवक्ता अमित पाल, मीडिया प्रभारी दीपक पाल, रवि पाल, गुरमीत भोला, अजय माहला, सागर भोला, वीरेंद्र कुमार एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मन की बात कार्यक्रम जनसंवाद का सशक्त माध्यम : रामकुमार कश्यप

*विधायक रामकुमार कश्यप ने बूथ नं. 54 पर सुना मन की बात कार्यक्रम का 132 वां एपिसोड*

**इंद्री, 29 मार्च ( बिसपाल राणा ):** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने रविवार को गांव सातडी बूथ नं. 54 पर कार्यकर्ताओं और ग्राम वासियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की





बात कार्यक्रम के 132 वें एपिसोड को सुना। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक हालात, युद्ध और ऊर्जा संकट पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं, ऐसे में देशवासियों को अफवाहों से बचते हुए एकजुट रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन से संवाद, देश को दिशा और समाज को प्रेरणा देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थिति में प्रधानमंत्री का यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण है कि देशवासियों को किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचते हुए एकजुट रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम लगातार सरकार और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बना हुआ है। इस कार्यक्रम को जनसंचार के क्षेत्र में एक अनूठी पहल माना जाता है। इस कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री सीधे नागरिकों से संवाद करते हैं और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों, सामाजिक विकास, नवाचार और प्रेरणादायक कहानियों को साझा करते हैं। इसका उद्देश्य न केवल सरकार और जनता के बीच दूरी कम करना है, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देना भी है। इस मौके पर विधायक रामकुमार कश्यप ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर मन की बात कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ रोशन लाल, रणधीर कांबोज, चेयरमैन प्रतिनिधि बलिंद्र कटारिया, शक्ति केंद्र प्रमुख सतीश, बूथ अध्यक्ष अंकुश, मंदिर प्रधान धर्मसिंह, सुमेर चन्द, ताराचंद, जयकुमार, राजकुमार,मास्टर विपिन, ब्लॉक समित प्रतिनिधि ऋषिपाल, सरपंच देवेंद्र, माया राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## चौशाला : चमन ऋषि मंदिर में चोरी, माता का डेढ़ किलो चांदी का छत्र गायब

*सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ आरोपी, ग्रामीणों में भारी रोष*

**कलायत,29 मार्च ( सूबे सिंह मोर ):** कलायत उपमंडल के गांव चौशाला स्थित ऐतिहासिक चमन ऋषि मंदिर में बीती रात एक चोर ने



माता की मूर्ति पर सुशोभित करीब 1.6 किलो वजन का चांदी का छत्र चोरी कर लिया। शनिवार सुबह जब मंदिर के पुजारी बृजेश शर्मा पट खोलने पहुंचे, तो माता का छत्र गायब देख उनके होश उड़ गए। पुजारी की सूचना पर मंदिर में ग्रामीणों का तांता लग गया। चोरी हुए छत्र की बाजार में कीमत करीब 4 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और साक्ष्य जुटाए। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर पता चला कि वारदात को रात करीब 2 बजे अंजाम दिया गया है। फुटेज में एक संदिग्ध काले कपड़ों में नजर आ रहा है, जिसने पहचान छिपाने के लिए चेहरा ढका हुआ था। थाना प्रभारी सुभाष चंद्र वह जांच अधिकारी बलजोर सिंह ने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने उंगलियों के निशान और अन्य तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए हैं। आसपास के रास्तों पर लगे कैमरों की भी जांच की जा रही है। पुलिस का दावा है कि संदिग्ध की कद-काठी और तकनीकी इनपुट के आधार पर आरोपी को जल्द काबू कर लिया जाएगा।

# नुक्कड़ नाटक से गूंजी नशामुक्ति की हुंकार, युवाओं को मिला सशक्त संदेश

**निसिंग,29 मार्च ( जोगिंद्र सिंह ):** बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय, कौल में नशामुक्ति को लेकर एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से रूबरू कराया गया। कार्यक्रम उच्च शिक्षा निदेशालय







के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति जागरूकता प्रकोष्ठ, तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ, रोड सेफ्टी क्लब एवं यूथ रेड क्रॉस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने कहा कि नशा आज समाज के सामने एक गंभीर चुनौती बन चुका है, जो खासकर युवाओं के भविष्य को अंधकार की ओर धकेल रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अपनी भागीदारी निभाएं। नशा मुक्ति जागरूकता प्रकोष्ठ एवं तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. मुकेश चहल ने बताया कि नुक्कड़ नाटक के जरिए विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। नाटक में दिखाया गया कि कैसे नशे की लत व्यक्ति को अपराध, आर्थिक तंगी और सामाजिक अलगाव की ओर धकेल देती है। रोड सेफ्टी क्लब की संयोजिका डॉ. प्रेरणा ने कहा कि नशा सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण है, इसलिए युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनते हुए इससे दूर रहना चाहिए। वहीं यूथ रेड क्रॉस क्लब की संयोजिका डॉ. मीनाक्षी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में सकारात्मक सोच विकसित करते हैं और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रभावशाली प्रस्तुति देते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि नशा जीवन को बर्बाद कर देता है और इससे दूर रहना ही सबसे बड़ा समाधान है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा की माता की रस्म क्रिया प्रार्थना सभा में सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**करनाल,29 मार्च ( सोनी दुआ ):** सैक्टर 14 करनाल के कृष्णा मंदिर में



जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा की माता जी श्रीमती कृष्णा देवी के निधन पर रस्म क्रिया की प्रार्थना सभा में शिक्षा विभाग से जुड़े एवं शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने शोक प्रकट किया। रोहताश वर्मा ने कहा कि माता जी के निधन की अपूर्णीय क्षति है। आज मैं जिस मुकाम पर हु वह माता जी की शिक्षा एवं संस्कारों की देन है। माता जी के निधन की कमी हमेशा खलेगी। मां तो जीवित देवता होती है। माता जी बड़ी विनम्र स्वभाव एवं अध्यात्म प्रवत्ति की थी। माता जी के निधन उपरांत नेत्र दान भी करवाया गया यह एक सकारात्मक पहल है दो व्यक्तियों को रोशनी देने का काम करेगी। रस्म क्रिया के अवसर पर रविंदर वर्मा, डॉ कृष्ण वर्मा, डी ई ई ओ नीलम कुंडू अधिवक्ता विजयपाल,पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल, राजपाल चौधरी,पूर्व डी पी सी उर्वशी विज, बी ई ओ संजीव शर्मा, प्राचार्य मंदीप शर्मा, मीनाक्षी चौधरी, सुधीर अहलावत, दलीप सिंह महला ,दीपक वर्मा,डाईट से मुनीश कुमार, रीना कुमार आदि हरियाणा भर के सैकड़ों शिक्षकगणों ने श्रद्धासुमन शोक प्रकट किया।

## सुगनी देवी स्कूल में फन फिल्ड फैमिली डे कार्यक्रम मनाया गया

*छोटे बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं अत: अभिभावक एवं शिक्षक उन्हें बहुत ही सजकता के साथ ढालें : पूजा छाबड़ा*

**लाडवा, 29 मार्च ( रामगोपाल ):** लाडवा के सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने बताया कि



स्कूल में फन फिल्ड फैमिली डे कार्यक्रम बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें उन्होंने अपनी कला और प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। बच्चों ने नृत्य, संगीत और कविता जैसे रंगारंग आयोजनों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के बच्चों द्वारा पंजाबी गिद्दा प्रस्तुत किया गया। नन्हे कदमों की कदम ताल सब के मन को बहुत भायी। इसके बाद बाहर से आए बच्चों की प्रतिभा को उभारने के लिए कुछ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें फैंसी ड्रेस, सोलो डांस, कविता गायन, कलरिंग और फन गेम्स जैसी प्रतियोगिता हई। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की खूब सराहना की और स्कूल प्रबंधन को कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी। स्कूल के समस्त स्टाफ ने आए हुए अतिथियों का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया जिससे उत्सव का माहौल और भी उत्साह पूर्ण हो गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने कहा कि छोटे बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं अत: अभिभावक एवं शिक्षक उन्हें बहुत ही सजकता के साथ ढालें। उनमें बचपन से ही अच्छे संस्कारों का संचार करें। इसके बाद उन्होंने इस कार्यक्रम में आए सभी अभिभावक और बच्चों का आभार व्यक्त किया।

# मीडिया क्रिकेट क्लब टीम ने यूथ क्रिकेट क्लब की टीम को 4 विकेट से किया पराजित

*मीडिया क्लब ने यूथ क्रिकेट क्लब टीम को किया लगातार तीसरी बार पराजित*

**करनाल, 29 मार्च ( रविन्द्र ):** करनाल के पांच सितारा होटल नूर महल के पीछे बने श्री बालाजी किक्रेट एकेडमी के ग्राउंड में मीडिया क्लब व यूथ क्रिकेट क्लब के बीच सीरीज का तीसरा किक्रेट मैच खेला गया ।इस ट्वेंटी ट्वेंटी ओवर क्रिकेट मैच में यूथ क्रिकेट क्लब ने पहले खेलते हुए अपनी 20 ओवर की पारी में 8 विकेट के नुकसान पर 196 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जबकि दूसरी और इसके जवाब में मीडिया क्लब ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 197 रन बनाकर इस मैच में 4 विकेट से जीत हासिल की । मीडिया क्लब के हरफनमौला खिलाड़ी हरजीत वर्मा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 70 गेंदों में 12 चोके व 6 छक्के मारते हुए शानदार 134 रन बनाए और वह अंत तक आउट नहीं हुए और मीडिया क्लब की टीम को शानदार जीत दिलाते हुए मैं ऑफ द मैच बने। यूथ क्रिकेट क्लब टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर मैच में पहले बैटिंग का निर्णय लिया। टीम ने शानदार प्रदर्शन



करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 196 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसमें खिलाड़ी उमेश ने 59 गेंदों में 12 चोके एवं 3 छक्के लगाते हुए शानदार 99 रना बनाए। मगर इसके जवाब में मीडिया क्लब के खिलाड़ीयों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और इस विशाल स्कोर को पीछे छोड़ते हुए 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 197 रन बनाने में सफलता हासिल की और यूथ क्लब को लगातार तीसरी बार मैच में पटखनी दी। इस क्रिकेट मैच में सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। मीडिया क्लब के खिलाड़ी मनोज गुप्ता ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने चार ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट एवं हरसिमरन वधवा ने चार ओवर में 30 रन देकर 2 खिलाड़ियों को आउट करने में सफलता हासिल की। मैच में अंकित दाबडा ने भी एक विकेट लेकर यूथ क्रिकेट की टीम को हराने में अपना योगदान दिया। मीडिया क्लब की इस जीत पर मीडिया क्लब अध्यक्ष डा अशोक कुमार ने टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इस मैच में सभी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है और वह सभी बधाई के पात्र हैं और उम्मीद है कि भविष्य में इसी तरह से बेहतरीन प्रदर्शन करते रहेंगे।

# गोल्ड लाइफ स्कूल के प्रबंध निदेशक को बेस्ट एमडी ऑफ द ईयर सम्मान

**राजौंद, 29 मार्च ( नरेश कुमार पुहाल ):** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए गोल्ड लाइफ स्कूल के प्रबंध निदेशक जितेन्द्र सिंह को इंडियन स्कूल अवॉर्ड्स द्वारा बेस्ट एमडी ऑफ द ईयर सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान गुरुग्राम के एक पाँच सितारा होटल में आयोजित भव्य समारोह में देशभर के शिक्षाविदों और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। गोल्ड लाइफ स्कूल लगातार शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहा है। यह क्षेत्र का ऐसा विद्यालय बन चुका है जहाँ पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों पर विशेष जोर दिया




जाता है। स्कूल में कोडिंग और रोबोटिक्स जैसे विषयों को बच्चों के लिए अनिवार्य बनाया गया है, जिससे विद्यार्थी भविष्य के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें ।विद्यालय की सबसे खास उपलब्धियों में से एक है बच्चों को मुफ्त हवाई यात्रा करवाना। इस अनूठे प्रयास के तहत विद्यार्थियों को हवाई यात्रा का अनुभव कराया गया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उन्हें नई दुनिया को समझने का अवसर मिला। इसके साथ ही, बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को दुबई की शैक्षणिक यात्रा भी करवाई जाएगी। गोल्ड लाइफ स्कूल कैथल जिले का ऐसा विद्यालय है जिसे सबसे अधिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। यह भारत का पहला ऐसा स्कूल है जिसने बच्चों के लिए पूरी ट्रेन बुक कर शैक्षणिक यात्रा का आयोजन किया, जिसमें आधे से अधिक विद्यार्थियों को यह सुविधा पूर्णत: नि:शुल्क प्रदान की गई। विद्यालय में विद्यार्थियों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यहाँ निशुल्क इंग्लिश स्पीकिंग क्लासेस चलाई जाती हैं, जिससे छात्र आत्मविश्वास के साथ संवाद करना सीखते हैं। स्कूल की शिक्षा प्रणाली को समझने के लिए रूस से शिक्षाविद भी यहाँ आ चुके हैं। गोल्ड लाइफ स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी अलग पहचान बनाई है। हरियाणा की धरती पर उतरने वाले पहले कमर्शियल विमान के अवसर पर भी स्कूल के छात्रों ने भागीदारी निभाई। साथ ही, भारत के बड़े शैक्षणिक आयोजनों में भाग लेकर विद्यार्थियों ने विदेशी वैज्ञानिकों और इन्वेंटर्स से मुलाकात कर अपने ज्ञान को और विस्तृत किया। यह सम्मान प्रबंध निदेशक की दूरदर्शी सोच, कड़ी मेहनत और शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। यह पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है और भविष्य में भी गोल्ड लाइफ स्कूल इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।

## रणधीर सिंह के एसएचओ नियुक्ति पर कुलदीप ढिल्लों ने दी बधाई, बेहतर कानून व्यवस्था की जताई उम्मीद

**कुरुक्षेत्र, 29 मार्च ( करणदीप सिंह ):** जिला कांग्रेस युवा अध्यक्ष कुलदीप ढिल्लों हथीरा ने रणधीर सिंह को सदर थाना पिपली का एसएचओ नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक कदम है, जिससे कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी। कुलदीप ढिल्लों ने कहा कि रणधीर सिंह एक ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और अनुभवी



अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में सदर थाना पिपली क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण होगा और आम जनता को सुरक्षा का बेहतर माहौल मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज के समय में पुलिस प्रशासन की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है और एक सक्षम अधिकारी की नियुक्ति से जनता का भरोसा और भी मजबूत होता है। रणधीर सिंह अपनी कार्यशैली और समर्पण से निश्चित रूप से लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। कुलदीप ढिल्लों ने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि एसएचओ के रूप में रणधीर सिंह न केवल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करेंगे, बल्कि जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का कार्य भी करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति, सौहार्द और सुरक्षा बनाए रखने में उनकी भूमिका अहम साबित होगी। अंत में उन्होंने एक बार फिर रणधीर सिंह को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

# कला, अभिव्यक्ति एवं बदलाव का माध्यम थिएटर



पाठक जानते होंगे कि रंगमंच(थिएटर)को समाज का दर्पण कहा जाता है, क्योंकि यह केवल मनोरंजन का ही साधन नहीं है, बल्कि यह विचार, संवेदना और सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम है।सच तो यह है कि थिएटर लोगों को सोचने, महसूस करने और बदलाव की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। यह विभिन्न देशों की संस्कृतियों, वहां के लोगों के विचारों और उनके संघर्षों को समझने में सहायता करता है तथा वैश्विक तनाव, युद्ध और सामाजिक विभाजन के दौर में मानवता को जोड़ने वाली कला के रूप में कार्य करता है। साथ ही, यह शिक्षा, साक्षरता, संवाद, सहिष्णुता और शांति को बढ़ावा देता है।सरल शब्दों में कहें तो रंगमंच वह मंच है, जहाँ अभिनय, संवाद, संगीत, नृत्य और भाव-भंगिमाओं के माध्यम से किसी कथा या विचार को जीवंत रूप दिया जाता है। अर्थात् यह साहित्य, कला और समाज का अनूठा संगम है। रंगमंच के महत्व के बारे में समझाते हुए अंग्रेजी भाषा के महान नाटककार विलियम शेक्सपियर ने प्रसिद्ध नाटक ऐज यू लाइक इट में यह बात कही थी कि-सारी दुनिया एक रंगमंच है, और सभी स्त्री-पुरुष केवल पात्र हैं। वास्तव में, इस विचार के माध्यम से शेक्सपियर बताते हैं कि पूरा संसार एक रंगमंच के समान है, जहाँ हर व्यक्ति एक अभिनेता की तरह अपनी-अपनी भूमिकाएँ निभाता है। जीवन के अलग-अलग चरण-बचपन, युवावस्था, प्रौढ़ावस्था और बुढ़ापा-मानो किसी नाटक के विभिन्न दृश्य हैं, जिनमें इंसान समय के अनुसार अपने किरदार बदलता रहता है। इस प्रकार रंगमंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि मानव जीवन और समाज का सजीव प्रतिबिंब भी है।

भारतीय रंगमंच के इतिहास की यदि हम यहां पर बात करें तो भारतीय रंगमंच का इतिहास अत्यंत प्राचीन, समृद्ध और बहुआयामी है, जिसकी जड़ें वैदिक काल तक जाती हैं। उस समय यज्ञ, मंत्र, सामगान और धार्मिक अनुष्ठानों में संवाद, अभिनय, संगीत और नृत्य के प्रारंभिक रूप दिखाई देते हैं। इस परंपरा को व्यवस्थित स्वरूप देने का श्रेय भरतमुनि को जाता है, जिन्होंने नाट्य शास्त्र की रचना की। पाठकों को बताता चलूं कि यह ग्रंथ अभिनय (आंगिक, वाचिक, आहार्य, सात्त्विक), रंगमंच संरचना, संगीत, नृत्य और रस सिद्धांत का विस्तृत विवेचन करता है।इसके बाद संस्कृत नाटकों का स्वर्णकाल आया, जिसमें कालिदास, भास और शूद्रक जैसे नाटककारों ने अभिज्ञानशाकुंतलम्, स्वप्नवासवदत्तम् और मृच्छकटिकम् जैसे महान नाटकों की रचना की। वास्तव में, इन रचनाओं में प्रेम, प्रकृति, नीति और मानवीय भावनाओं का सुंदर चित्रण मिलता है।मध्यकाल में रंगमंच(थिएटर) लोकजीवन से जुड़ गया और रामलीला, रासलीला, नौटंकी, यक्षगान और जत्रा जैसे लोकनाट्य विकसित हुए। इसी समय कथकली, कुचिपुड़ी और भरतनाट्यम जैसी नृत्य-नाट्य परंपराएँ भी विकसित हुईं, जिनमें वेशभूषा, मुखाभिनय और मुद्राओं के माध्यम से कथा प्रस्तुत की जाती है।आधुनिक काल में, विशेषकर ब्रिटिश शासन के दौरान, पाश्चात्य रंगशैली का प्रभाव पड़ा। इस दौर में यथार्थवाद, सामाजिक आलोचना और प्रयोगधर्मिता बढ़ी। उल्लेखनीय है कि हबीब तनवीर, विजय तेंदुलकर और गिरीश कर्नाड जैसे रंगकर्मियों ने सामाजिक, राजनीतिक और मानवीय मुद्दों को मंच पर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रकार भारतीय रंगमंच ने वैदिक परंपरा से लेकर आधुनिक प्रयोगधर्मी रूप तक लंबी यात्रा तय की है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य रंगमंच और कलाकारों के महत्व को समझाना और बढ़ावा देना है। वास्तव में इस दिवस को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य क्रमशः रंगमंच कला के प्रति जागरूकता फैलाना, विभिन्न कलाकारों, लेखकों और तकनीकी कर्मियों के योगदान को सम्मान देना, सांस्कृतिक विविधता और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना तथा सामाजिक, राजनीतिक और मानवीय मुद्दों पर संवाद स्थापित करना है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि वर्ष 2025 की थीम-थिएटर और शांति की संस्कृति रखी गई थी।इसका अर्थ है कि थिएटर के माध्यम से शांति, सह-अस्तित्व और संवाद को बढ़ावा देना। इस वर्ष यानी कि वर्ष 2026 में इसका मुख्य फोकस वैश्विक सहभागिता और सांस्कृतिक संवाद पर रहा है। यहां यह भी गौरतलब है कि वर्ष 2026 में विश्व रंगमंच दिवस का 64वाँ आयोजन 25-27 मार्च के बीच लक्जमबर्ग शहर में किया गया। यह आयोजन आइटीआइ के जनरल सेक्रेटेरिएट और लक्ज़मबर्ग सेंटर के सहयोग से थिएटर फेडरेशन के साथ आयोजित किया गया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम मंच(प्रदर्शन)कला दिवस के अंतर्गत हुआ और थिएटर फेडरेशन की 30वीं वर्षगांठ भी इसी दौरान मनाई गई। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष का आधिकारिक संदेश प्रसिद्ध अमेरिकी अभिनेता विलेम डेफ़ो द्वारा लिखा गया, जिन्हें चार बार अकादमी अवाड्र्स के लिए नामांकन मिला है तथा वर्ष 2018 में वेनिस फ़िल्म महोत्सव में कोप्पा वोल्पी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पाठकों को बताता चलूं कि आइटीआइ की स्थापना 1948 में हुई थी और इसका मुख्यालय पेरिस में स्थित है। इसके विश्वभर में 85 से अधिक केंद्र हैं। विश्व रंगमंच दिवस पर हर वर्ष एक प्रतिष्ठित कलाकार द्वारा संदेश दिया जाता है तथा वर्ष 1962 में पहला संदेश जीन कोक्टो ने दिया था। वर्ष 2002 में भारत के गिरीश कर्नाड को यह सम्मान मिला,जो महान नाटककार रहे हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि यह संदेश 50 से अधिक भाषाओं में अनुवादित किया जाता है।कहा जाता है कि महान् कवि/लेखक कालिदास ने 'मेघदूत' की रचना भारत की पहली नाट्यशाला में की थी।

# बच्चों को मच्छर जनित रोगों से बचाने के लिए ठोस उपाय करें

मच्छरों से मलेरिया, डेंगू के साथ ही कई अन्य बीमारियां होती हैं, ऐसे में इनसे बचाव किया जाना चाहिये। बुखार बढ़ने के साथ ही जान का भी खतरा रहता है। आजकल मौसम में बदलाव और प्रदूषण बढ़ने से मच्छरों की समस्या और बढ़ गयी है। ऐसे मौसम में मच्छर अधिक होतें हैं जो आपके रातों की नींद ख़राब करने से लेकर आपको बीमार करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। ऐसे में मच्छरों से बचा जाना बहुत जरूरी है, खासकर अगर घर में छोटे बच्चे हों तब क्योंकि, इन मच्छरों के काटने से गंभीर बीमारियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। इसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी जो बातें हैं उसका ध्यान जरूर किया जाना चाहिए।



घर को साफ रखें

मच्छर होने का सबसे बड़ा कारण घर में गंदगी की समस्या है, क्योंकि ऐसी जगहों में मच्छर सबसे अधिक पनपते हैं। इसके लिए आप अपने घरों को खासकर, पलंग के निचे, गमले, स्टोर रूम आदि को साफ-सुथरा रखें। साथ ही अगर आपके घर में पेड़-पौधे हों तो उसकी सफाई भी नियमित तौर पर की जानी चाहिए।

**कपूर**--कपूर न केवल मच्छर भगाने के लिए ठीक माना जाता है, बल्कि इससे संक्रमण का खतरा भी नहीं होता है। इसके लिए आप कपूर स्टैंड में कुछ टुकड़े कपूर के डालकर इसे जला दें। इसके धुंए से मच्छर खुद ब खुद चला जाएगा। ध्यान रहे कपूर को स्टैंड पर डालकर जलाएं ताकि यह एक घंटे तक जल सके।

**लहसन और प्याज़ का रस**-मच्छर हमेशा तेज़ गंध से भागते हैं इसके लिए आप प्याज और लहसुन को पीसकर इसे छान लें और इसके रस को पानी मिलाकर किसी स्प्रे वाली बोतल से पूरे घर में छिडक दें। कुछ ही देर में मच्छर भाग जायेंगे।

**सरसों तेल और अजवाइन**-यह नुस्खा भी बेहद कारगर है, क्योंकि इससे मच्छर जल्दी और आसानी से भागते हैं। इसके लिए आप सरसो के तेल में अजवाइन के पाउडर को डालकर जलाएं। इसके धुएं से मच्छर भाग जाते हैं।साथ ही यह शिशु को नुकसान नहीं पहुंचाता है। इसके अलावा, आप नीम का तेल या फिर बाजार में उपलब्ध साधनों का भी प्रयोग कर सकते हैं।

# बच्चों के पेट के कीड़ों का करें घरेलू उपाय

बच्चों के पेट में कीड़े होना बेहद आम समस्या है, और लगभग 10 में से 7-8 बच्चों को यह समस्या होती ही है हालाँकि, कुछ समय तक तो यह पता भी नहीं चल पाता कि बच्चे को पेट में कीड़े हुए हैं। यह कीड़े बच्चे को अंदर ही अंदर बहुत परेशान करते हैं लेकिन यदि आप थोड़ी सी सावधानी बरतें, तो इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है, वह भी बिना किसी डॉक्टरी सलाह के।

ऐसे में, हम यहाँ कुछ ऐसी ही घरलू औषधियों के बारे में बता रहें हैं, जिनके प्रयोग से बेहद आसानी से पेट के कीड़ों से मुक्ति पाई जा सकती है। प्याज का रस- प्याज का रस पेट के कीड़ों के लिए बहुत कारगर होता है। सुबह खाली पेट बच्चे को एक प्याज का रस निकाल कर पिलाएं, इससे कीड़े की समस्या से राहत मिलती है।



करेला- करेले का रस भी पेट के कीड़ों के लिए बहुत उपयुक्त होता है लेकिन, इसका सेवन बच्चे शायद न कर पाएं। लेकिन, यदि इस प्रकार की समस्या बड़े लोगों को हो तो वह इसका प्रयोग कर सकते हैं।

हल्दी- सुबह के समय खाली पेट एक चम्मच और बच्चा छोटा हो तो आधी चम्मच हल्दी का गुनगुने पानी के साथ सेवन कराने से पेट के कीड़े मर जाते हैं। कच्ची हल्दी को गुड के साथ मिलाकर गोली बना कर सेवन भी किया जा सकता है।

निम्बू और शहद- नीबू पत्तों के रस को शहद में मिलाकर सुबह खली पेट चाटने से पेट के कीडे जल्दी ही मर जाते हैं।

गुनगुने पानी में नमक का सेवन- यदि गुनगुने पानी में सुबह के समय खाली पेट थोड़ा सा साधारण नमक डालकर सेवन किया जाए तो पेट के कीड़े बहुत जल्दी मरकर बाहर निकल जाते हैं।

टमाटर और काला नमक- टमाटर में एक दो चुटकी काला नमक मिला कर सुबह खाली पेट बच्चे को खिलाएं, इससे कीड़े की समस्या से निजात मिलती है।

लहसुन की चटनी- लहसुन की चटनी भी पेट के कीड़ों में बहुत फायदेमंद होती है। इसके नियमित सेवन से पेट में कीड़े नहीं होते हैं।

28मार्च ईएमएस फीचर

# बच्चों के पालन पोषण में सकारात्मक माहौल है जरुरी

बच्चे के जन्म के साथ ही माता-पिता खुशी के साथ ही उससे कई उम्मीदें लगाने लगते हैं। अब सवाल यह उठता है कि बच्चे के विकास के लिए किस प्रकार उसका पालन पोषण किया जाये। इसमें सबसे अहम यह है कि उसे प्राकृतिक तरीके से रहने दें। बच्चों के विकास के लिए घर में बेहतर माहौल बनाना जरुरी है। सकारात्मक माहौल, खुशी का अनुभव उसे आगे बढ़ने की ताकत देता है। बच्चों के पालन-पोषण में एक बड़ी भूमिका निभाता है। आपको सही तरह का माहौल तैयार करना चाहिए, जहां खुशी, प्यार, परवाह और अनुशासन की एक भावना आपके अंदर भी और आपके घर में भी हो। आप अपने बच्चे के लिए सिर्फ इतना कर सकते हैं कि उसे प्यार और सहारा दे सकते हैं। उसके लिए ऐसा प्यार भरा माहौल बनाएं जहां बुद्धि का विकास कुदरती तौर पर हो। एक बच्चा जीवन को बुनियादी रूप में देखता है। इसलिए आप उसके साथ बैठकर जीवन को बिल्कुल नयेपन के साथ देखें, जिस तरह वह देखता है। बहुत से लोग यह मान लेते हैं कि जैसे ही बच्चा पैदा होता है, शिक्षक बनने का समय शुरू हो जाता है। जब एक बच्चा आपके घर में आता है, तो यह शिक्षक बनने का नहीं, सीखने का समय होता है।जरूरी नहीं है कि आपका बच्चा जीवन में वही करे, जो आपने किया। आपके बच्चे को कुछ ऐसा करना चाहिए, जिसके बारे में सोचने की भी आपकी हिम्मत नहीं हुई। तभी यह दुनिया आगे बढ़ेगी और उपयोगी चीजें घटित होंगी।



मानव जाति की एक बुनियादी जिम्मेदारी है, कि वे ऐसा माहौल बनाए जिससे इंसानों की अगली पीढ़ी आपसे और हमसे कम से कम एक कदम आगे हो। यह बहुत ही अहम है कि अगली पीढ़ी थोड़ी और खुशी से, कम डर, कम पक्षपात, कम उलझन, कम नफरत और कम कष्ट के साथ जीवन जिए। हमें इसी लक्ष्य को लेकर चलना चाहिए। अगली पीढ़ी के लिए आपका योगदान यह होना चाहिए कि आप इस दुनिया में कोई बिगड़ैल बच्चा न छोड़ कर जाएं, आप एक ऐसा इंसान छोड़ कर जाएं जो आपसे कम से कम थोड़ा बेहतर हो।

अपने बच्चे की जरूरतों को जानें

कुछ माता-पिता अपने बच्चों को खूब मजबूत बनाने की इच्छा या चाह के चलते उन्हें बहुत ज्यादा कष्ट में डाल देते हैं। वे चाहते हैं कि उनके बच्चे वह बनें जो वे खुद नहीं बन पाए। अपने बच्चों के जरिये अपनी महत्वाकांक्षाएं पूरी करने की कोशिश में कुछ माता-पिता अपने बच्चों के प्रति बहुत सख्त हो जाते हैं। वहीं दूसरे माता-पिता मानते हैं कि वे अपने बच्चों से बहुत प्यार करते हैं और अपने बच्चों को इतना सिर चढ़ा लेते हैं कि उन्हें इस दुनिया में लाचार और बेकार बना देते हैं। यह दोनों ही तरीक सही नहीं हैं।

इसका कारण यह है कि सभी बच्चों पर एक ही नियम लागू नहीं होता। हर बच्चा अलग होता है। यह एक खास विवेक है। इस बारे में कोई सटीक रेखा नहीं खींची जा सकती कि कितना करना है और कितना नहीं करना है। अलग-अलग बच्चों को ध्यान, प्यार और सख्ती के अलग-अलग पैमानों की जरूरत पड़ सकती है।

एक बच्चा अपने अनुभवों से जीवन के बारे में ज्यादा जानता है। वह जीवन है, वह जीवन को जानता है।

उसे अपने तरीके से रहने दें

अगर माता-पिता अपने बच्चों की वाकई परवाह करते हैं, तो उन्हें अपने बच्चों को इस तरह पालना चाहिए कि बच्चे को माता-पिता की कभी जरूरत न हो। प्यार की प्रक्रिया हमेशा आजाद करने वाली प्रक्रिया होनी चाहिए, उलझाने वाली नहीं। इसलिए जब बच्चा पैदा होता है, तो बच्चे को चारों ओर देखने-परखने, प्रकृति के साथ और खुद अपने साथ समय बिताने दें। प्यार और सहयोग का माहौल बनाएं।

जीवन की ओर देखने में उसकी मदद करें, परिवार या आपकी धन-दौलत या किसी और चीज से उसकी पहचान न बनने दें। एक इंसान के रूप में जीवन की ओर देखने में उसकी मदद करना उसकी खुशहाली और दुनिया की खुशहाली के लिए बहुत जरूरी है। यह आपके बच्चे के लिए सबसे अच्छा निवेश होगा अगर आप अपने बच्चे को प्रोत्साहित करें कि वह अपने बारे में सोचना सीखे, उसके लिए क्या बेहतर है यह जानने के लिए अपनी बुद्धि और समझ का इस्तेमाल करना सीखे। अगर आप ऐसा करते हैं तो आप निश्चिंत रह सकते हैं कि आपका बच्चा सही तरीके से विकसित होगा।

# स्क्रीन में सिमटती दुनिया और कमजोर होती बच्चों की नजर

**- कांतिलाल मांडोतल**

कभी बेंगलूरू जैसे शहरों में सुबह की शुरुआत खुली हवा, पेड़ों की हरियाली और दूर तक फैले मैदानों को निहारते हुए होती थी। आंखें सहज रूप से दूर तक देख लेती थीं, नजरें बिना किसी दबाव के काम करती थीं। लेकिन बीते एक दशक में यह दृश्य तेजी से बदला है। अब बच्चों और किशोरों की दुनिया कुछ इंच की स्क्रीन में सिमट गई है। मोबाइल, टैबलेट और लैपटॉप ने ज्ञान, मनोरंजन और संवाद को बेहद आसान बना दिया है, लेकिन इसी सुविधा की कीमत हमारी आंखें चुका रही हैं। आंखें, जो प्रकृति के हिसाब से दूर देखने और खुले वातावरण में काम करने के लिए बनी हैं, अब लगातार पास की चीजों पर टिके रहने को मजबूर हैं। इसका असर यह हुआ है कि कम उम्र में ही नजर से जुड़ी समस्याएं, खासकर मायोपिया यानी निकट दृष्टि दोष, तेजी से बढ़ रहा है। नेत्र रोग विशेषज्ञों का मानना है कि यह केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि एक उभरता हुआ सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है। अत्यधिक स्क्रीन टाइम, शारीरिक सक्रियता की कमी और असंतुलित जीवनशैली ने मिलकर बच्चों की आंखों पर ऐसा दबाव डाला है, जिसकी भरपाई आगे चलकर बेहद मुश्किल हो सकती है। हाल के स्वास्थ्य कार्यक्रमों और अध्ययनों में लाखों बच्चों की जांच के दौरान यह सामने आया है कि दृष्टि संबंधी समस्याएं अब अपवाद नहीं रहीं, बल्कि सामान्य होती जा रही हैं। यह स्थिति इसलिए और चिंताजनक है क्योंकि बच्चों की आंखें अभी विकास की अवस्था में होती हैं और इस दौरान पड़ने वाला नकारात्मक प्रभाव जीवनभर साथ रह सकता है। मायोपिया की समस्या को समझना जरूरी है। जब बच्चा लगातार पास की चीजों, जैसे मोबाइल स्क्रीन या किताब, पर ध्यान केंद्रित करता है तो आंखों की मांसपेशियां उसी स्थिति में ढलने लगती हैं। धीरे-धीरे आंख की संरचना में बदलाव आने लगता है और दूर की वस्तुएं धुंधली दिखाई देने लगती हैं। शुरुआत में यह समस्या हल्की होती है, लेकिन समय के साथ चश्मे का नंबर बढ़ता चला जाता है। कई मामलों में किशोरावस्था तक पहुंचते-पहुंचते बच्चों को मोटे लेंस लगाने पड़ते हैं। यह केवल देखने की समस्या नहीं है, बल्कि सिरदर्द, आंखों में जलन, थकान और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई जैसी परेशानियां भी साथ आती हैं। स्क्रीन की लत का एक और गंभीर पहलू ड्राई आई सिंड्रोम है, जो पहले वयस्कों में ज्यादा देखा जाता था, लेकिन अब बच्चों में भी आम हो रहा है। जब हम स्क्रीन देखते हैं तो सामान्य से कम पलक झपकाते हैं। इससे आंखों की सतह सूखने लगती है, जलन और लालिमा बढ़ती है। लंबे समय तक ऐसा रहने पर आंखों की प्राकृतिक सुरक्षा प्रणाली कमजोर पड़ सकती है। इसके अलावा, नीली रोशनी का अत्यधिक संपर्क आंखों की रेटिना पर भी नकारात्मक असर डाल सकता है, जिससे भविष्य में गंभीर समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। इस पूरी तस्वीर में सबसे ज्यादा चिंता की बात शिशुओं और छोटे बच्चों को मोबाइल और टीवी दिखाने की बढ़ती प्रवृत्ति है। कई अभिभावक बच्चे को शांत रखने या व्यस्त रखने के लिए स्क्रीन का सहारा लेते हैं। लेकिन विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि यह आदत बच्चों के मानसिक, भावनात्मक और दृष्टि विकास तीनों पर नकारात्मक असर डाल सकती है। शुरुआती वर्षों में बच्चे की आंखें और मस्तिष्क तेजी से विकसित होते हैं। इस दौरान स्क्रीन पर निर्भरता उनके प्राकृतिक सीखने की प्रक्रिया को बाधित करती है। आंखें गहराई, दूरी और गति को पहचानने का अभ्यास नहीं कर पातीं, जो आगे चलकर देखने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। प्राकृतिक रोशनी की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कई अध्ययनों में यह साफ तौर पर सामने आया है कि जो बच्चे रोजाना पर्याप्त समय बाहर धूप में बिताते हैं, उनमें मायोपिया का जोखिम कम होता है। धूप में रहने से शरीर में विटामिन-डी का स्तर बेहतर होता है और आंखों में डोपामाइन का स्राव बढ़ता है, जो आंख की लंबाई को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसके विपरीत, बंद कमरों में सीमित रहना और ज्यादातर समय स्क्रीन के सामने बिताना आंखों को उनके प्राकृतिक वातावरण से दूर कर देता है। आज का शहरी जीवन बच्चों को खुले में खेलने से भी वंचित कर रहा है। पढ़ाई का दबाव, सुरक्षा की चिंता और डिजिटल मनोरंजन की उपलब्धता ने खेल के मैदानों को खाली कर दिया है। नतीजा यह है कि बच्चे न सिर्फ शारीरिक रूप से कम सक्रिय हो रहे हैं, बल्कि उनकी आंखों को भी वह राहत नहीं मिल पा रही, जिसकी उन्हें जरूरत है। आंखों के लिए दूर तक देखना एक तरह का व्यायाम है, जो उन्हें स्वस्थ रखता है। जब यह अभ्यास बंद हो जाता है तो आंखें कमजोर पड़ने लगती हैं। दूरगामी परिणामों की बात करें तो यह समस्या केवल चश्मे तक सीमित नहीं रहती। उच्च स्तर का मायोपिया भविष्य में रेटिना डिटैचमेंट, ग्लूकोमा और मैक्युलर डिजनरेशन जैसी गंभीर आंखों की बीमारियों का खतरा बढ़ा सकता है। इसका मतलब है कि जो समस्या बचपन में शुरू होती है, वह वयस्कता में अंधेपन तक का कारण बन सकती है। इसके अलावा, कमजोर नजर का असर बच्चे के आत्मविश्वास, पढ़ाई और सामाजिक व्यवहार पर भी पड़ता है। बार-बार आंखों की थकान और सिरदर्द से जूझता बच्चा पढ़ाई में पिछड़ सकता है और खेलकूद से दूर हो सकता है।



अभिभावकों की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में बेहद अहम है। बच्चों को पूरी तरह तकनीक से दूर रखना संभव नहीं है और न ही यह व्यावहारिक है। लेकिन संतुलन बनाना जरूरी है। स्क्रीन टाइम को सीमित करना, बीच-बीच में आंखों को आराम देना और बच्चों को बाहर खेलने के लिए प्रोत्साहित करना छोटे लेकिन प्रभावी कदम हो सकते हैं। भोजन में हरी सब्जियां, फल और पोषक तत्व शामिल करना भी आंखों की सेहत के लिए जरूरी है। साथ ही, समय-समय पर आंखों की जांच करवाना समस्याओं को शुरुआती चरण में पकड़ने में मदद करता है।

समाज और शिक्षा व्यवस्था को भी इस दिशा में सोचने की जरूरत है। स्कूलों में लंबे समय तक डिजिटल पढ़ाई के बजाय मिश्रित तरीकों को अपनाया जाना चाहिए, जहां स्क्रीन और किताब दोनों का संतुलित उपयोग हो। बच्चों को आंखों की देखभाल के बारे में जागरूक करना और खुले में गतिविधियों के लिए समय निर्धारित करना भविष्य की पीढ़ी की दृष्टि बचाने की दिशा में बड़ा कदम हो सकता है।

# करन कल्याणा ने नोदी पहलवान को, व मणी कल्याणा ने सुनील पहलवान को चित्त किया

### *प्राचीन माता मनसा देवी मंदिर टाटकी में लगने वाला एक दिवसीय मेला और कुश्ती-दंगल के साथ धूमधाम से संपन्न*

**बाबैन, 29 मार्च ( राजेश कुमार ):** प्राचीन माता मनसा देवी मंदिर टाटकी में लगने वाला एक दिवसीय मेला और कुश्ती-दंगल आज धूमधाम से संपन्न हो गया। रेफरी की भूमिका क्षेत्र के जाने माने पहलवान श्यामसुन्दर यारा ने बखूबी निभाई। प्राचीन माता मनसा देवी मंदिर प्रबंधक कमेटी टाटकी ने गांव वालों व समाजसेवियों के सहयोग से सभी पहलवानों को नकद इनाम देकर सम्मानित किया। दंगल में दर्शकों ने भी सभी पहलवानों को नकद इनाम देकर उनका जोरदार उत्साह वर्धन भी किया। इस अवसर सरपंच प्रतिनिधि रणबीर सिंह, अनिल टाटकी, मनीष सैनी, केसर ड्क्षसह, मांगे राम, मोहकम सिह नम्बरदार, बलकार ड्क्षसह सैनी, शिव कुमार, रवि कुमार, फकीर चन्द, लाभ ड्क्षसह, मांगे राम, सुनील कुमार, रामनाथ व पाला राम के अलावा अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचीन माता मनसा देवी मंदिर टाटकी में लगने वाले दंगल का शुभारंभ सरपंच एसोसिएशन जिला कुरुक्षेत्र के प्रधान दुनी चन्द टाटका व अनिल टाटकी ने दो पहलवानों नागेन्द्र बाबा अयोध्या व अमन पहलवान उमरी का हाथ मिलाकर किया जिनकी कुश्ती बराबरी पर छुटी। इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल टाटकी ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर आयोजित होने वाली दंगल प्रतियोगिताओं से ग्रामीण पहलवानों को अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाने का अच्छा मौका मिलता है। कुश्तियों में पहलवानों द्वारा दिखाए जाने वाले करतबों से लोगों का भी खुब मनोरंजन हो जाता है। उन्होंने कहा कि 100 साल से भी ज्यादा समय से माता मनसी देवी के मेले पर टाटकी में लगने वाला यह दंगल क्षेत्र के लोगों के मंनोजरन का भी एक बड़ा साधन बन गया है। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर खेलों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाकर खेलों में बढ़चढ़ कर भाग ले ताकि वे जीवन में आगे बढ़ सके। इस अवसर पर करन कल्याणा ने नोदी पहलवान को, व मणी कल्याणा ने सुनील पहलवान को चित किया। नागेन्द्र बाबा अयोध्या व अमन उमरी की कुश्ती बराबरी पर रही। इसके अलावा डिम्पल, संदीप चंडीगढ़, मितू चम्मू, दिलशाद सहारनपुर, अमित अबाला, धीरज कालका, चन्नी दुखेड़ी, शमसेर, रामनाथ रामसरन माजरा, कृष्ण सोनीपत, धीरज भादशो, गुल्लु जठलाना, बलजीत अम्बाला, ईशांत दिल्ली के अलावा दूर दराज से आए सैकड़ों पहलवानों ने अपने दमखम दिखाए।



## राजौंद के वार्ड 7 और 8 की गलियों के नाले से निकाला कचरा बना जी का जंजाल

**राजौंद,29 मार्च ( नरेश कुमार ):** शहर के वार्ड नंबर 7 और 8 के निवासियों का जीना मुहाल हो गया है। प्रशासन की %सफाई व्यवस्था%





का आलम यह है कि नालों से गंदगी निकालकर उसे गलियों के बीचों-बीच लावारिस छोड़ दिया गया है। कई दिन बीत जाने के बाद भी इस सड़ांध मारते कचरे का उठान नहीं हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। सफाई कर्मचारियों ने नाले की सफाई कर गाद और कचरा बाहर तो निकाल दिया, लेकिन उसे डोर टू डोर के कर्मचारी ठिकाने लगाना भूल गए। अब यह कचरा सूखकर हवा में जहर घोल रहा है, तो कहीं पैदल चलने वालों के लिए फिसलन का कारण बन रहा है। कारण ये गंदगी के ढेर बिमारियों को दस्तक दे रहें हैं। आलम यह है कि लोगों का अपने घरों के दरवाजे खोलना और सांस लेना तक दूभर हो गया है। रुकी हुई गंदगी पर मच्छरों और मक्खियों का डेरा है, जिससे क्षेत्र में महामारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। आधी बनी गली ये संकरी गलियों में कचरा पड़े होने के कारण दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों रवि , देशराज, देवेंद्र, मनमोहन, हरभजन, गुरनाम सिंह, राजबीर, सागर, मुनेश, आदि का कहना है कि प्रशासन कागजों में स्वच्छ भारत के दावे तो करता है, लेकिन जमीन पर वार्ड 7 और 8 की हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। साथ ही कहा कि नाला साफ करना अच्छी बात है, लेकिन गंदगी को गलियों में छोड़ देना कहां की समझदारी है? सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार और सुगम स्वच्छता ठेकेदार प्रदीप सिंगला ने फोन पर कहा है कि नालों के निकाले गए कचरे का उठान कार्य डोर टू डोर वालों का है। मामला उनके संज्ञान में आया है सुबह इस कचरे को उठा दिया जाएगा।

## जीवन चानन महिला महाविद्यालय में प्राथमिक चिकित्सा एवं नशा मुक्ति पर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन

**असंध, 29 मार्च ( दलसिह मान ):** जीवन चानन स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के प्रांगण में रेड क्रॉस, रेड रिबन और लोक प्रशासन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण एवं




जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा, आपदा प्रबंधन और नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत में मिस निधि गाल्याण ने महाविद्यालय पहुँचने पर सभी मुख्य अतिथियों का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. राजपाल सिंह रैडक्रॉस करनाल ने नशा मुक्ति पर अपने विचार सांझा किए। उन्होंने छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया और युवा पीढ़ी को इससे दूर रहने का आह्वान किया। डॉ. राजपाल ने जोर देकर कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि परिवार और समाज की नींव को भी खोखला कर देता है। रिटायर्ड जिला प्रशिक्षण अधिकारी एम.एस. धीमान ने डिजास्टर मैनेजमेंट (आपदा प्रबंधन) पर विस्तार से व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्राओं को सिखाया कि किसी भी आकस्मिक आपदा या संकट की स्थिति में किस प्रकार धैर्य बनाए रखते हुए खुद को और दूसरों को सुरक्षित निकाला जा सकता है। कुमारी श्वेता देवी ने छात्राओं को फर्स्ट एड की व्यावहारिक ट्रेनिंग दी। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना या किसी आकस्मिक चोट के समय गोल्डन ऑवर में किस तरह प्राथमिक उपचार देकर किसी की जान बचाई जा सकती है। कार्यक्रम का सफल आयोजन डॉ. हेमलता शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। उन्होंने आए हुए वक्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर छात्राओं के सर्वांगीण विकास और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। इस अवसर पर के.डी. शर्मा, मनीषा फोगाट, नीतू शेट्टी, रजनी बजाज, कुमारी रीद्धि और सोनिया दुहन सहित अन्य स्टाफ सदस्य और भारी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

# नहर में पैर फिसलने से बाम्बरेहड़ी का युवक डूबा, तलाश जारी

**मूनक, 29 मार्च ( जयभगवान ):** मूनक थाना के गांव बाम्बरेहड़ी का एक 19 वर्षीय युवक नहर में डूब गया। युवक हवन सामग्री की राख डालने के लिए नहर पर गया था, तभी उसका पैर फिसल गया और वह पानी में बह गया। घटना के बाद परिजनों ने मौके पर पहुंचकर तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सुबह से ही एसडीआरएफ की टीमें नहर में सर्च अभियान चला रही हैं, लेकिन अभी तक युवक का पता नहीं चल पाया है। उसके ताऊ सुरेश ने बताया कि उसके छोटे भाई का लड़का मोक्ष जो शाम के समय हवन सामग्री का बचा हुआ समान नहर में डालने के लिए गया इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नहर में जा गिरा। हादसे के तुरंत बाद परिजन मौके पर पहुंचे और काफी देर तक तलाश करते रहे, लेकिन युवक का कहीं कोई सुराग नहीं मिला।



**परिवार पर पहले से ही दुखों का साया** – मोक्ष कंबल फैक्ट्री में काम करता था और घर का सहारा था। उसका छोटा भाई 12वीं कक्षा में पढ़ता है और हाल ही में बोर्ड की परीक्षाएं दी हैं। युवक के पिता रमेश अधरंग से पीड़ित हैं, जबकि पांच साल पहले उसकी मां की बिजली का करंट लगने से मौत हो चुकी है। गांव के सरपंच अजय ने बताया कि इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

**एसडीआरएफ की टीम कर रही सर्च अभियान** – सूचना मिलते ही मूनक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। आज सुबह से एसडीआरएफ की टीमों ने नहर में सर्च अभियान शुरू किया हुआ है, लेकिन देर शाम तक भी युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया। परिवार के लोग नहर किनारे बैठे हुए हैं और हर आने-जाने वाले से जानकारी ले रहे हैं। **विधायक ने मौके पर पहुंचकर बंधाया ढांढस** – घटना की जानकारी मिलने पर असंध के विधायक योगेंद्र राणा मार्केट कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण राणा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिवार को सांत्वना दी और अधिकारियों को सर्च अभियान तेज करने के निर्देश दिए। **पुलिस ने शुरू की जांच**थाना प्रभारी बृजपाल का कहना है कि युवक के ताऊ सुरेश की शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल एसडीआरएफ की टीमें लगातार नहर में युवक की तलाश कर रही हैं।

# बीपीएल परिवारों को मकान मरम्मत के लिए आर्थिक सहायता : उत्तम सिंह

**करनाल, 29 मार्च ( सुमनलत्ता ) :** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा बीपीएल परिवारों को डॉ. बी.आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत मकान मरम्मत के लिए 80 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक यह लाभ केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही दिया जा रहा था लेकिन राज्य सरकार द्वारा योजना में बदलाव के बाद इसमें सभी पात्र बीपीएल परिवारों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा योजना के तहत लाभार्थियों का दायरा बढ़ाने के साथ साथ योजना के तहत मिलने वाली राशि को भी 50 हजार से बढ़ाकर 80 हजार किया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की यह आवास नवीनीकरण योजना अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को इस योजना के लिए पात्र बनाया गया है। उन्होंने योजना के नियम शर्तों की जानकारी देते हुए बताया कि यदि पहले मकान निर्माण के लिए या अपने समय के निर्मित मकान को बनाए हुए दस साल या इससे अधिक समय हो गया हो तथा मकान मरम्मत के योग्य हो तभी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।



उन्होंने योजना की पात्रता संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि आवेदनकर्ता हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिए तथा उसका नाम बीपीएल सूची में दर्ज होना चाहिए। आवेदनकर्ता को अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को बीपीएल परिवार होने के साथ जाति प्रमाण पत्र दिखाना जरूरी है। आवेदनकर्ता का अपना घर कम से कम 10 साल पुराना होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रार्थी की परिवार आईडी, बीपीएल राशन कार्ड नंबर, राशन पत्रिका, एससी, बीसी जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या, मोबाइल नंबर, घर के साथ फोटो, बिजली बिल, घर की रजिस्ट्री, पानी बिल में से कोई भी दो दस्तावेज , मकान की मरम्मत पर अनुमानित खर्च का प्रमाण जैसे कागजात जरूरी है।

**ऐसे करें आवेदन** – आवेदक को सबसे पहले (हरियाणाएससीबीसी. जीओवी.इन ) से फॉर्म डाउनलोड करके उसे भरना है। उसे सरपंच या फिर पार्षद से सत्यापित करवाना होगा। फॉर्म के साथ में ऊपर बताए गए सभी दस्तावेज लगाने अनिवार्य है। यह फॉर्म नजदीकी सीएससी सेंटर से ऑनलाइन कराएं। तदुपरांत यह फार्म जिला के अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में जमा कराएं। कोई भी गलत जानकारी न भरें। दस्तावेज की कॉपी साथ लगाएं।

# साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनने वाले सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास

### *हलके की तरक्की में बसताड़ा का विशेष योगदान-कल्याण*

**करनाल, 29 मार्च ( प्रवीन कुमार ):** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज घरौंडा हलका के गांव बसताड़ा में साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनने वाले सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास किया। इसमें पुस्तकालय भी बनाया जाएगा। इस मौके पर श्री कल्याण ने कहा कि हलके की तरक्की में बसताड़ा गांव का विशेष योगदान है क्योंकि सरकारी कॉलेज, आईटीआई और एसएचजी के ट्रेनिंग सेंटर के लिए यहां की पंचायत ने जमीन उपलब्ध कराई है। इससे पूरे क्षेत्र के युवाओं को फायदा पहुंच रहा है। बसताड़ा पहुंचने पर आज ग्रामीणों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष का पगड़ी पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया। तीन एकड़ जमीन में साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनने वाले सामुदायिक केंद्र में 470 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। पंचायती राज विभाग की ओर से इसका निर्माण कार्य एक साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यहां पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है।श्री कल्याण ने कहा कि इसी केंद्र में 30 गुणा 12 फुट आकार की लाइब्रेरी बनाई जाएगी। उन्होंने सुझाव दिया कि निर्माण पूरा होने के बाद सामुदायिक केंद्र का उपयोग व्यावसायिक रूप से किया जाए ताकि पंचायत को आमदनी हो सके। उन्होंने कहा कि उपली-हसनपुर के पास 100 एकड़ जमीन डियर पार्क बनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री से मंजूरी मिल चुकी है। किसानों द्वारा जमीन उपलब्ध कराए जाने पर घरौंडा में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से नए सेक्टर विकसित किए जाएंगे। रिंग रोड व मेडिकल यूनिवर्सिटी चालू होने से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार के सहयोग से इलाका प्रगति पर है। यह अच्छी बात है कि क्षेत्र में अमन-शांति का माहौल है। वातावरण अच्छा बनाए रखने का भाव हर व्यक्ति में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करना है। हमारी सोच दूरगामी होनी चाहिए। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को मजबूती से आगे बढ़ा रहे हैं। यह चिंताजनक है कि विश्व में कई देश किसी न किसी रूप में युद्ध में शामिल हैं। भारत की कमान मजबूत हाथों में है। दूसरे देश आज भारत को सम्मान भरी नजरों से देखते हैं। हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ रहा है। इस प्लान में क्षेत्र के 15-20 गांवों में सामुदायिक केंद्रों का निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। लंबित कार्यों को भी जल्द पूरा कराने का प्रयास है। पिछले 11 सालों में हलके के हर गांव में विकास कार्य कराए गए हैं। उनका एक-एक मिनट हलके की तरक्की को समर्पित है। इस मौके पर सरपंच सुरेश फौजी ने गांव में विभिन्न विकास कार्यों के लिए मंजूर की गई राशि की जानकारी दी। साथ ही कहा कि यहां का हर मौजिज व्यक्ति सुरक्षित माहौल को बनाए रखने के प्रति वचनबद्ध है। इस मौके पर एसडीएम राजेश सोनी, बीडीपीओ सोमवीर खटकड़, पंचायती राज विभाग के एक्सईएन नारायण दत्त, एसडीओ जय भगवान, जेइ रमेश, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, भाजपा नेता संजय खैंची आदि मौजूद रहे।



## मां जगदम्बा मंदिर में 62वां विशाल मेला 1 अप्रैल को : अमन गुप्ता

### *बोले : 31 मार्च की रात्रि होगी मां भगवती की चौंकी, कई भजन गायक करेंगे भजन-कीर्तन*



**तरावड़ी, 29 मार्च ( छाया शर्मा ):** नवरात्रों के पावन अवसर पर शहर के मां जगदम्बा मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 62वें विशाल मेले का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए शिव शक्ति इंटर ग्लोब प्रा.लि. तरावड़ी के सी.एम.डी. अमन गुप्ता ने बताया कि जगदम्बा मंदिर परिवार की ओर से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के लिए मां भगवती की चौकी, भजन-कीर्तन और विशाल भंडारे का विशेष प्रबंध किया गया है। कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार 31 मार्च को रात 8 बजे से मां भगवती की चौकी का आयोजन होगा, जिसमें प्रसिद्ध टी.वी. कलाकार रेशमी साज दिल्ली मां के भजनों का गुणगान करेंगी। इसके बाद बुधवार 1 अप्रैल को सुबह करीब बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अविनाश जोहर यमुनानगर रोहित हरियाणवी और निशा जांगड़ा सोनीपत अपनी प्रस्तुति देंगे। मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए मां की सुंदर झांकियां भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। साथ ही 1 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजकों ने शहरवासियों और आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर मां का आशीर्वाद प्राप्त करें और इस भव्य धार्मिक आयोजन का हिस्सा बनें। यह समस्त कार्यक्रम मां जगदम्बा मंदिर तरावड़ी में आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजक समिति द्वारा सभी व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां की गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## समाज में सेवाभाव के कार्य करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी : यश सलूजा

**तरावड़ी, 29 मार्च ( छाया शर्मा ):** सामाजिक कार्यकर्ता यश सलूजा ने कहा कि शहर में सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों के माध्यम से



सेवाभाव की भावना लगातार मजबूत हो रही है। विभिन्न संस्थाएं मिलकर समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, जिससे न केवल जरूरतमंदों को सहारा मिल रहा है बल्कि आपसी भाईचारा भी बढ़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता यश सलूजा तरावड़ी में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि समाज में सेवा कार्य करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा सेवा के कार्यों में आगे रहना चाहिए। शहर की संस्थाओं का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि कई संस्थाएं अपने नियमित कार्यों के साथ-साथ समाजसेवा में भी बढ़-चढ़कर योगदान दे रही हैं, जो बेहद सराहनीय है। वहीं, प्रसिद्ध उद्योगपति नरेश अरोड़ा ने भी संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि तरावड़ी में संस्थाएं एकजुट होकर काम कर रही हैं, जो शहर के विकास के लिए सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर आयोजित होने वाले धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम न केवल लोगों के बीच भाईचारा बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में सुख-समृद्धि की भावना भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह सभी संस्थाएं मिलकर आगे भी समाजहित के कार्य करती रहें, ताकि शहर का वातावरण और अधिक सकारात्मक और प्रेरणादायक बन सके।

## माँ भगवती के आशीर्वाद से जीवन में आने वाली सभी बाधाएं स्वयं ही दूर हो जाती है - रोहित शर्मा

**बाबैन, 29 मार्च ( राजेश कुमार ):** जालखेडी में गांव की सुख-शांति एंव समृद्धि के लिए समाजसेवी रोहित शर्मा ने माँ भगवती का जागरण करवाने के अलावा भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं



ने नारियल व चुनरी चढ़ाकर मां दुर्गा के दरबार में शीश नवा कर मां भगवती का आशिर्वाद लिया। इस मौके पर समाजसेवी रोहित शर्मा व समाजसेवी आनंद शर्मा जालखेडी ने ज्योति प्रचंड करके मां मां भगवती के जागरण का शुभारंभ किया। समाजसेवी रोहित शर्मा ने कहा कि मां दुर्गा शक्ति की प्रतीक हैं और हम सब को अपने घर व गांव की सुख, शांति एवं समृद्धि के के लिए मां भगवती की पूजा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मां ने राक्षसों का वध किया था, उसी प्रकार व्यक्ति मां व्यक्ति के भीतर के राक्षस को खत्म कर व्यक्ति को परोपकार के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि नवरात्रों में माँ के नौ रूपों की पूजा की जाती है और महामायी की आराधना सच्चे मन से करने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग माता में विश्वास रखते है, वे माता के दर से कभी खाली हाथ नहीं लोटते। उन्होंने कहा कि माँ भगवती के आशीर्वाद से जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं और भक्तों को सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती। इस अवसर पर कंबोज जागरण पार्टी द्वारा महामाई की भेंटों की शानदार प्रस्तुति दी गई जिस पर श्रद्धालु झूम उठे। इस मौके पर समाजसेवी आनंद शर्मा जालखेडी, बबलू शर्मा, नंबरदार असोसिएशन के पूर्व जिला अध्यक्ष उपदेश शर्मा, जयपाल पांचाल, कमल कुमार, पुरुषोत्तम लाल, मोहित शर्मा, राजेंद्र शर्मा भगवानपुर, महावीर, दिनेश अत्री, आरव, रोहतास, रॉकी, जयपाल, सुखविंदर, नरेंद्र व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# देश में युवाओं की सोच और बदलाव से राष्ट्र निर्माण को मिल रही है गति : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



**कुरुक्षेत्र, 29 मार्च ( सुदेश कुमार ):** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं की सोच में बहुत बड़ा बदलाव आया है। इस सोच में हुए परिवर्तन से राष्ट्र निर्माण को गति मिल रही है। इतना ही नहीं मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को दुनिया का सबसे युवा देश बताया है। इस दौरान यमुनानगर के युवा प्रथम बराड़ की सोच ग्रीन व क्लीन भारत को ही समृद्ध भारत कहने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहना की है। इसके साथ ही देश के विकास में प्रदेश के युवा भी लगातार तत्पर हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को कुरुक्षेत्र भाजपा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 132 वां संस्करण सुन रहे थे। इस मौके पर हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, जिला प्रभारी दीपक शर्मा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संरक्षण और जल संचय की अपील करते हुए अलग-अलग हिस्सों के लोगों की कहानी के साथ प्रेरणा दी है, क्योंकि जल ही जीवन है। सरकार ने अमृत सरोवर के माध्यम से बरसाती पानी इकट्ठा करने का अभियान चलाया है। इन अमृतसरोवरों की सफाई करके बरसात के पानी को रोककर भूजल स्तर बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। इससे हम अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए पानी मुहैया करवा सकते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक राज्य में बरसात के पानी को इकट्ठा करके समस्या को निपटने के कार्य, दूसरी जगह बरसाती पानी का संचय करके किसानों द्वारा खेती बढ़ाने जैसे अनूठे उदाहरण देकर जल बचाने के प्रति जागरूक किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश में इस योजना का अधिक से अधिक नागरिकों को लाभ देने के लिए राज्य सरकार की तरफ से अलग से सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। एक लाख 80 हजार से कम आय वाले नागरिकों को दो किलोवाट का सोलर सिस्टम फ्री में दिया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आग्रह पर कहा कि नागरिकों को शुगर इनटेक पर काम करना चाहिए। इसके तहत अपने खाने में 10 प्रतिशत की कटौती करते हुए मोटापा और बीमारियों को कम करें। इसके साथ ही शिक्षा, खेल, पौधे रोपण, मछली पालन और योग पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस कार्यक्रम में सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक महत्व के मुद्दों पर चर्चा की जाती है। सरकार की नीतियों को नागरिकों तक पहुंचाना और उनकी प्रतिक्रिया जानना भी इसका एक महत्वपूर्ण पहलू है। मन की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आम जनता के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम है। इस कार्यक्रम के जरिए देशभर में हो रहे सकारात्मक प्रयासों, सामाजिक नवाचारों और जनभागीदारी की प्रेरक कहानियों को सामने लाया जाता है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं और समाज में मेलजोल की भावना को बढ़ावा देती है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सामाजिक मुद्दे जैसे कि स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण, सांस्कृतिक विरासत, शिक्षा, स्वास्थ्य, और सरकार की विभिन्न योजनाएं का भी जिक्र करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्सर उन व्यक्तियों और समुदायों की प्रेरणादायक कहानियां भी साझा करते हैं जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। इस कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्सर नागरिकों द्वारा भेजे गए विचारों, सुझावों और अनुभवों को भी साझा करते हैं। इसके लिए एक ऑनलाइन पोर्टल माई जीओवी भी बनाया गया है। इस पर नागरिक अपने विचार और सुझाव भेज सकते हैं। कुछ चुनिंदा संदेशों को कार्यक्रम में शामिल भी किया जाता है। मन की बात कार्यक्रम का देश में गहरा प्रभाव पड़ा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सीधे देश के नागरिकों से जुडने् का एक अनूठा मंच प्रदान करता है। रेडियो की व्यापक पहुंच के कारण, यह देश के दूर-दराज के क्षेत्रों तक भी पहुंचता है। इस कार्यक्रम में हरियाणा के लोगों की उपलब्धियों का भी अनेक बार जिक्र हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संवाद स्थापित करना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री के विचारों को भारत के आम लोगों तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करते हुए उन्हें तो गर्व महसूस होता ही है। इसके साथ ही दूसरे लोगों को भी लगता है कि हमें भी उनकी तरह मेहनत करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कार्यक्रम विशेष रूप से युवाओं को नवाचार आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता है। मन की बात कार्यक्रम न केवल विचारों को दिशा देता है, बल्कि देशवासियों को विकास, सेवा और जिम्मेदारी की भावना के साथ आगे बढने् का संदेश भी देता है। इस मौके पर चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी, भाजपा प्रदेश सचिव राहुल राणा, प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सागवान, महिला जिलाध्यक्ष वंदना गौरी, परमजीत कौर कश्यप, नरेंद्र पाल डाबला, जिला उपाध्यक्ष अनु मालयन , देवी दयाल शर्मा , कार्यालय सह प्रभारी सोमपाल राणा, रमेश सैनी, अमन सैनी, दीपक शर्मा, हन्नू चक्रपाणि, सभी जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

# हाईवे पर पलटा मशरूम से भरा कैंटर, सुबह-सुबह लगा लंबा जाम

## सड़क पर बिखरी पेटियां, हाड्रा की मदद से उठवाया पलटा ट्राला




**तरावड़ी, 29 मार्च ( छाया शर्मा ):** दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर शनिवार सुबह करीब पांच बजे एक बड़ा हादसा हो गया, जब मशरूम से भरा कैंटर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। सुबह के समय जब ट्राला चालक तरावड़ी जी.टी. रोड से गुजर रहा था तो वाहन संतुलन खो बैठा और सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद हाईवे पर मशरूम से भरी पेटियां और डिब्बे दूर-दूर तक बिखर गए, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ और मौके पर लंबा जाम लग गया। कैंटर कुरुक्षेत्र से सोनीपत की ओर जा रहा था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची टीम ने हालात को संभाला और हाइड्रा मशीन की मदद से पलटे हुए कैंटर को सीधा करवाया गया। काफी मशक्कत के बाद वाहन को हटाकर यातायात को सुचारू किया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन वाहन में लदा माल काफी हद तक क्षतिग्रस्त हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पीएनजी कनेक्शन के लिए करें आवेदन-उत्तम सिंह



**करनाल, 29 मार्च ( मिनाक्षी ):** उपायुक्त उत्तम सिंह ने लोगों से अपील की है कि करनाल में सेक्टर चार से नौ, सेक्टर-12, 13, 14 भाग-एक, सेक्टर-16, 32, 35, 36, 45, एलआईसी कॉलोनी, मान कॉलोनी, मॉडल टाउन, न्यू डीसी कॉलोनी, निर्मल विहार, नूरसी विलेज भाग-एक, नूरसी विलेज भाग 2, पालम कॉलोनी, अशोका नर्सरी, डीसी कॉलोनी, दीवान कॉलोनी, करण विहार, रणजीत एन्क्लेव, शक्तिपुरम भाग -एक और भाग दो, प्रेम नगर, राम नगर और वसंत विहार में पीएनजी की पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। इन क्षेत्रों के निवासी शीघ्र पीएनजी कनेक्शन लेकर एलपीजी सिलेंडर लौटाएं। उन्होंने कहा कि पीएनजी कनेक्शन के लिए लिंक पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा आईजीएल ग्राहक सेवा नंबर 8448184015 और 9773980554 के माध्यम से भी नए कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पीएनजी की दरें एलपीजी के मुकाबले कम हैं। पीएनजी एक किफायती और टिकाऊ विकल्प है। पीएनजी कनेक्शन लेने के बाद सिलेंडर खत्म होने या बुकिंग कराने का झंझट खत्म हो जाता है। पाइप लाईन के माध्यम से 24 घंटे गैस की निर्बाध आपूर्ति जारी रहती है। यह हल्की होने के कारण रिसाई की स्थिति में तेजी से हवा में फैल जाती है और आग लगने का खतरा न्यूनतम होता है। मीटर रीडिंग के आधार पर ही बिल आता है यानी जितना इस्तेमाल उतना ही भुगतान। उन्होंने बताया कि जिला में एलपीजी की दर 64.96 रुपये प्रति किलोग्राम है जबकि पीएनजी की दर 45.40 प्रति एससीएम है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला में 50 किलोमीटर की पीएनजी पाइप लाइन और बिछाई जानी है। इसके लिए संबंधित गैस कंपनियों को जल्द कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

# जिन घरों में पीएनजी की फिटिंग पूरी हो चुकी है, वे शीघ्र करवाएं अपना कनेक्शन शुरु : डीएफएससी

**कैथल,29 मार्च ( सुरेंद्र कुमार ):** जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि जिन घरों में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की फिटिंग पूरी हो चुकी है, वे अपनी सिक्योरिटी फीस जमा करवाकर अपना कनेक्शन चालू करवा लें। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह ने बताया कि इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड द्वारा जिले में अब तक 33 हजार 396 घरेलू कनेक्शन की फिटिंग की जा चुकी है। इनमें से 10 हजार 617 कनेक्शन सक्रिय हैं, जबकि लगभग 22 हजार 779 उपभोक्ता ऐसे हैं जिनके यहां मीटर लगने के बावजूद गैस का उपयोग शुरू नहीं हुआ है।

विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे अपनी सिक्योरिटी जमा करवाते हुए इसे चालू करवाएं। उन्होंने कहा कि पीएनजी गैस, एलपीजी की तुलना में अधिक किफायती और सुरक्षित है। पीएनजी की कीमत लगभग 56.70 रुपये प्रति किलोग्राम है, जबकि एलपीजी की कीमत 65.30 रुपये प्रति किलोग्राम है। इसके अलावा पीएनजी की सप्लाई 24 घंटे निरंतर उपलब्ध रहती है, जिससे उपभोक्ताओं को सिलेंडर खत्म होने की चिंता नहीं रहती। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा 23 मार्च 2026 को जारी निर्देशों के तहत स्पष्ट किया गया है कि जिन घरों में पीएनजी की सुविधा उपलब्ध है, वहां एलपीजी सप्लाई को चरणबद्ध तरीके से बंद किया जा सकता है। प्रशासन ने आमजन से अनुरोध किया है कि वे नियमों का पालन करें और जल्द से जल्द पीएनजी कनेक्शन को चालू करवाएं। उन्होंने बताया कि पीएनजी कनेक्शन से जुड़ी किसी भी जानकारी या तकनीकी सहायता के लिए उपभोक्ता कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 7428348899 और 7428347799 पर संपर्क कर सकते हैं। उपभोक्ता सुविधा, सुरक्षा और बचत को ध्यान में रखते हुए पीएनजी गैस का उपयोग शुरू करें और सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

# भाजपा सरकार के नेतृत्व में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों का हो रहा समान रूप से विकास : भगवानदास कबीरपंथी

## *40 लाख से बनेगा डेरों की तरफ जाने वाला कच्चा रास्ता, विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने किया शिलान्यास*




**तरावड़ी, 29 मार्च ( छाया शर्मा ):** शहर के विकास को गति देते हुए विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने वार्ड नंबर-9 स्थित दो मूड़ी पीर के पास खेतों और डेरों की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते को पक्का करने के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस दौरान लोगों और जनप्रतिनिधियों ने विधायक का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कबीरपंथी ने कहा कि किसानों को लंबे समय से इस रास्ते की समस्या का सामना करना पड़ रहा था, खासकर बरसात के दिनों में आवाजाही बेहद कठिन हो जाती थी। उन्होंने बताया कि करीब 40 लाख रुपए की लागत से इस रास्ते को पक्का किया जाएगा, जिससे किसानों और क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। विधायक ने सरकार की नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं मजबूत हों और आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इस मौके पर वाइस चेयरमैन राजीव नारंग ने विधायक कबीरपंथी का आभार जताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह रास्ता बनने से किसानों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवम बंसल ने विधायक की सराहना करते हुए कहा कि कबीरपंथी के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास की नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि विधायक हर वर्ग की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और उनका समाधान करवाने के लिए तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर नगरपालिका चेयरमैन विरेंद्र बंसल, सचिव अजीत कुमार, मार्किट कमेटी चेयरमैन रणदीप चौधरी, पार्षद नरेश गाबा, रणजीत भारद्वाज, रम्मी मल्ली, राजू वधवा, गुरशरण ग्रेवाल, राजू गाबा, दरबारी लाल, नवतेज सिंह मल्ली सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# विधायक योगेन्द्र राणा ने असंध क्षेत्र को दी 4.40 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात



**असंध,28 मार्च ( दलसिह मान ):** असंध के विधायक योगेन्द्र राणा ने शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न गाँवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लगभग 4 करोड़ 39 लाख 59 हजार रुपये की कुल से लागत के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास कर उन्हें ग्रामवासियों को समर्पित किया। कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का बुक्के, फूल-मालाओं और पगड़ी पहना कर भव्य स्वागत किया। विधायक ने गांव बाहरी के दो तालाबों के लगभग 3.08 करोड़ रुपये की लागत से हुए तालाब के सौंदर्यीकरण का उद्घाटन किया। साथ ही, लगभग 7.47 लाख रुपये की लागत से खेतों की ओर जाने वाले रास्ते का लोकार्पण किया। गांव गंगा टेहड़ी में शिक्षा को बढ़ावा देते हुए विधायक ने लगभग 37 लाख रुपये की लागत से बने विलेज नॉलेज सेंटर, लगभग 5 लाख की लागत से चिल्ड्रन पार्क और लगभग ?5 लाख की लागत से निर्मित बस क्यू शेल्टर का उद्घाटन किया। गांव जोली खेड़ा में उन्होंने लगभग 16 लाख की लागत से रितोली सड़क से सुभाष टीलू के डेरे तक नवनिर्मित पक्के रास्ते का उद्घाटन कर ग्रामीणों को समर्पित किया। इसके बाद गांव पोपड़ा में लगभग 36.65 लाख की लागत से बनने वाली फिरनी और गुरु ब्रह्मानंद आश्रम में लगभग 5.36 लाख की लागत से बनने वाले लंगर हॉल के निर्माण कार्य का शुभारंभ (शिलान्यास) किया। इस अवसर पर जनसभाओं को संबोधित करते हुए विधायक योगेन्द्र राणा ने विशेष रूप से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन और आशीर्वाद से ही असंध विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति निरंतर बनी हुई है। उन्होंने कहा की केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मूल मंत्र पर काम कर रही है और हमारा उद्देश्य हर गांव को शहर जैसी आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना है। चाहे वो पक्की सड़कें हों, शिक्षा के केंद्र हों या जल संरक्षण के लिए तालाबों का जीर्णोद्धार, विकास की यह गति रुकने वाली नहीं है। इस अवसर पर सरपंच कुलदीप कुमार (गंगा टेहड़ी), सरपंच प्रति निधि प्रदीप कुमार (जोली खेड़ा), सरपंच राहुल (पोपड़ा) एवं सरपंच पाला राम (बाहरी) की पंचायत सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# विस अध्यक्ष ने सुना पीएम के 'मन की बात कार्यक्रम' बोले-मिलती है प्रेरणादायक जानकारी

**घरौंडा, 29 मार्च ( नरेन्द्र लाठर ):** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज बाली नगर घरौंडा



के बूथ नंबर 166 पर नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 132वें एपिसोड को सुना। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे हर महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम को अवश्य सुनें। प्रधानमंत्री श्री मोदी मन की बात कार्यक्रम के तहत देश व समाज हित में हो रहे कार्यों की जानकारी देते हैं। जिनसे जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को इस कार्यक्रम को सुनने के लिए समय निकालना चाहिए। इससे विभिन्न क्षेत्रों में मेहनत, जोश, जज्बे के साथ तरक्की कर रहे लोगों के बारे में पता चलता है। आज घरौंडा के बूथ नंबर 166 पर मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिए बड़ी स्क्रीन की व्यवस्था की गई थी। बड़ी संख्या में लोग 11 बजने से पहले ही वहां पहुंच गए थे। कल्याण के अनुसार आज 132वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने जहां वैश्विक स्तर पर चिंता जताई वहीं खाड़ी देशों में भारतीयों की मदद के लिए आभार जताया। मोदी ने अफवाहों से बचने, केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करने की अपील की। श्री कल्याण ने कहा कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का जिक्र करते हुए बताया कि यूपी के वाराणसी में एक घंटे में 2 लाख 51 हजार से अधिक पौधे लगाकर लोगों ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया है। प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के भी कई उदाहरण प्रस्तुत किए। साथ ही फिटनेस व स्वास्थ्य पर ध्यान रखने का आग्रह करते हुए शुगर व तेल की मात्रा पर नियंत्रण रखने की अपील की। बाद में पत्रकारों द्वारा एलपीजी संकट संबंधी एक सवाल पर कहा कि वैश्विक संकट के समय सभी संसाधनों का उचित प्रबंधन जरूरी है। ऐसे समय में जहां प्रशासन को सभी व्यवस्थाएं आगे बढ़ानी चाहिए वहीं समाज को भी किसी प्रकार की अफवाह नहीं फैलानी चाहिए। जरूरत से ज्यादा चीजों का भंडारण करने से भी बचना चाहिए। सरकार द्वारा की गई व्यवस्था का पालन करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही कह चुके हैं कि देश में एलपीजी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। मन की बात कार्यक्रम के बाद कल्याण ने घरौंडा में एक कैफे का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन राजकुमार पालीवाल, मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी, पुरूषोतम सेठी, सीमा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# हिमाचल प्रदेश शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से वाईएस कालेज द्वारा समग्र शिक्षा को प्रोत्साहन




बरनाला, 29 मार्च (बघेल सिंह ढालीवाल) वाई.एस कॉलेज, जिसे वर्ष का सर्वाधिक उभरता उच्च शिक्षण संस्थान के रूप में सम्मानित किया गया है, कक्षा शिक्षण से आगे बढ़कर विद्यार्थियों को अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करते हुए शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विकास के अवसर निरंतर उपलब्ध करवा रहा है। 28 मार्च को संस्थान की मनाली एवं मणिकरण साहिब हेतु आयोजित बहुप्रतीक्षित शैक्षणिक एवं आध्यात्मिक यात्रा के प्रथम दिवस का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्देश्य सांस्कृतिक जागरूकता, आध्यात्मिक शिक्षा तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास को बढ़ावा देना था। 50 विद्यार्थियों का दल अत्यंत उत्साह एवं उमंग के साथ ॉलेज परिसर से रवाना हुआ। इस यात्रा में सुश्री जसदीप कौर (सांस्कृतिक समन्वयक), सुश्री हरमनप्रीत कौर, श्री गुरदीप सिंह तथा इंटर्न फैकल्टी श्री मोहित ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए अनुशासन एवं सुरक्षा सुनिश्चित की। यात्रा के दौरान दल ने ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले सिख तीर्थ स्थल आनंदपुर साहिब में श्रद्धापूर्वक मत्था टेका। विद्यार्थियों ने वहाँ स्थित संग्रहालय का भी भ्रमण किया तथा सिख इतिहास, विरासत एवं संस्कृति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की, जिससे यात्रा का शैक्षणिक महत्व और बढ़ गया। इसके पश्चात दल हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी के समीप स्थित रिवालसर साहिब पहुँचा। रिवालसर एक पवित्र स्थल है जिसे हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म के अनुयायी समान श्रद्धा से मानते हैं और जो धार्मिक सद्भाव एवं सांस्कृतिक सह-अस्तित्व का प्रतीक है। झील के चारों ओर स्थित धार्मिक स्थलों ने विद्यार्थियों को आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराया। विद्यार्थियों ने गुरुद्वारा श्री रिवालसर साहिब के दर्शन किए, जो दसवें सिख गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी से संबंधित है। इसके अतिरिक्त झील के आसपास स्थित भगवान कृष्ण, भगवान शिव तथा ऋषि लोमस को समर्पित हिंदू मंदिरों का भी भ्रमण किया गया। विद्यार्थियों ने वहाँ स्थित तीन प्रमुख बौद्ध मठों का अवलोकन कर धार्मिक सहिष्णुता एवं अंतरधार्मिक सद्भाव की भावना को समझा। निदेशक वरुण भारती ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि ये उन्हें वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण विद्यार्थियों में एकता, विविधता के प्रति सम्मान एवं सांस्कृतिक जागरूकता विकसित करता है। प्राचार्य डॉ. गुरपाल सिंह राणा ने कहा कि वाईएस कॉलेज समग्र शिक्षा प्रणाली के प्रति प्रतिबद्ध है। उनके अनुसार शैक्षणिक यात्राएँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक जागरूकता को विकसित करती हैं तथा उन्हें भारत की समृद्ध विरासत से जोड़ती हैं। उप प्राचार्य वी.पी.सिंगला ने विद्यार्थियों के उत्साह एवं संकाय सदस्यों के समर्पित प्रयासों की सराहना की।

# 46 साल पुराना पंचायत जमीन विवाद सुलझा, मंत्री की पहल से गांव में लौटी सौहार्द की भावना



**नरवाना, 29 मार्च ( नरेन्द्र कुमार ):** गांव भाणा ब्रहामणा में पिछले करीब 46 वर्षों से चल रहा पंचायती जमीन विवाद आखिरकार रविवार को सुलझ गया। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी की पहल और मौजूदगी में ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत के बीच आपसी सहमति से यह लंबा विवाद समाप्त हुआ।मामले की जानकारी मिलते ही कैबिनेट मंत्री स्वयं गांव भाणा ब्रहामणा पहुंचे और स्थानीय कम्युनिटी सेंटर में ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ खुलकर बातचीत की। सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई चर्चा के बाद दोनों पक्षों ने आपसी समझदारी से विवाद को समाप्त करने पर सहमति जताई।इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे, जिनमें एसडीएम नरवाना जगदीश चन्द्र, डीएसपी कमलदीप राणा और बीडीपीओ तरुण सुथार शामिल रहे।विवाद के स्थायी समाधान के लिए मौके पर ग्राम सभा की सहमति से 11 सदस्यों की एक कमेटी गठित की गई जिसमें प्रशासन और गांव के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया। एडीसी, एसडीएम नरवाना, बीडीपीओ और गांव के सरपंच सहित कुल 15 सदस्यीय यह कमेटी अब मामले से जुड़े सभी पहलुओं पर आपसी तालमेल से विचार-विमर्श कर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।ग्रामीणों ने लंबे समय से चले आ रहे इस विवाद के शांतिपूर्ण समाधान पर संतोष व्यक्त करते हुए कैबिनेट मंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अब गांव में आपसी भाईचारा और सौहार्द का माहौल और मजबूत होगा।

# श्याम बाल वाटिका पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्र सम्मानित




**नरवाना, 29 मार्च ( नरेन्द्र कुमार ):** हिसार रोड स्थित श्री श्याम बाल वाटिका पब्लिक स्कूल में आज वार्षिक परीक्षा परिणाम बड़े ही उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण तथा अभिभावकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे पूरा माहौल उत्सव जैसा बन गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा अनुसार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के निदेशक कृष्ण अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल अच्छे अंक दिलवाना नही बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है ताकि वे जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।प्रधानाचार्य ज्योति अरोड़ा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में विद्यालय और अभिभावकों की संयुक्त भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमता को पहचानकर उसे सही दिशा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, अनुशासन, नैतिक शिक्षा एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों पर विशेष बल दिया जाता है जिसका सकारात्मक प्रभाव विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों में स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

# रबी सीजन 2026 मंडी में फसल बेचने के लिए दिशा-निर्देश जारी

**करनाल, 29 मार्च ( परमजीत कौर ):** एसडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा रबी सीजन 2026 के दौरान किसानों की सुविधा एवं मंडियों में सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य फसल की खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारू और समयबद्ध बनाना है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि जारी निर्देशों के अनुसार मंडी में फसल लेकर आने वाले सभी किसानों के वाहनों पर फ्रंट नंबर प्लेट का स्पष्ट होना अनिवार्य किया गया है। साथ ही, गेट पास के लिए फोटो सत्यापन भी आवश्यक होगा, जिससे सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। मंडी में प्रवेश के लिए गेट पास जारी करने का समय सुबह छह बजे से रात आठ बजे तक निर्धारित किया गया है। किसान निर्धारित समय के भीतर ही अपनी फसल मंडी में लेकर आएं, ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। इसके अतिरिक्त किसानों के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना होगा, जिसमें परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) या अन्य आवश्यक दस्तावेजों का उपयोग किया जा सकता है। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, पंचकूला द्वारा जारी इन निर्देशों के माध्यम से मंडियों में भीड़-भाड़ को नियंत्रित करने, पारदर्शिता बढ़ाने और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।उन्होंने बताया कि रबी खरीद सीजन 2026-27 के दौरान मंडियों/खरीद केंद्रों में किसान द्वारा बिक्री हेतु ले जाने वाली गेहूं में प्रयोग किये जाने वाले वाहन पर आवक गेट की रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ फोटो कैप्चर किया जाएगा। वाहनों के बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के आवक गेट पास जारी नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडियों/खरीद केंद्रों को जियो फैंस किया गया है जिसके अंतर्गत खरीद प्रक्रिया के सभी चरण जैसे कि आवक गेट पास, बोली, आई-फार्म, इत्यादि मंडी/खरीद केंद्र स्थल पर ही जारी होंगे। उन्होंने बताया कि आढ़तियों को निर्देश दिए गए हैं कि ऑनलाइन ऑक्शन के बाद समय पर जे-फॉर्म और आई-फॉर्म जनरेट करें तथा सभी ढेरियों का वजन केवल इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से ही किया जाए। इसके अलावा मंडी से बाहर जाने वाली गाडियों की फिजिकल वेरिफिकेशन भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। किसानों को अपनी उपज की बिक्री में राज्य सरकार किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने देगी। किसानों की सहायता के लिए प्रदेश स्तर पर टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800 180 2060 जारी किए गए हैं जिन पर किसानों को अनाज खरीद से संबंधित सभी सूचनाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा सभी मंडियों में एक शिकायत रजिस्टर भी सुनिश्चित किया जाएगा।

# किसान अनाज पैदा करके पूरी दुनिया का पेट भरता है लाली शर्मा



**चीका/ कैथल, 29 मार्च ( सुरेंद्र कुमार ):** दिन रात मेहनत करने वाले किसान अगर कमजोर हो जाते हैं तो देश आत्मनिर्भरता खो देता है लेकिन वह मजबूत है तो देश की स्वतंत्रता भी मजबूत हो जाती है।उक्त शब्द कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाली शर्मा टटियाना ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहे।उन्होंने कहा कि किसान देश की रीड की हड्डी है, किसान मेहनत करता है तो अनाज उगाता है और पूरा हिंदुस्तान रोटी खाता है मगर भाजपा सरकार ने डीजल व पेट्रोल, गैस के रेट बढ़ाकर किसान व मजदूर की कमर तोड़ दी।जब से भाजपा ने सत्ता संभाली है तब से हर घर की रोजी-रोटी छिन गई है।पहले नोटबंदी की, फिर कोरोना जैसी बीमारियों का सामना करना पड़ा जिससे बहुत सी मौतें भी हुई और सरकार हाथ पर हाथ रखकर तमाशा देख रही थी। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में कोई वर्ग खुश नजर नहीं आ रहा।युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, किसानो की फसल के सही दाम नहीं, व्यापारियों के व्यापार ठप्प हो रहे हैं।आज जनता कांग्रेस राज को याद कर रही है क्योंकि कांग्रेस हमेशा 36 बिरादरियों को साथ लेकर चलती थी।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने किसानों का 1600 करोड़ का कर्ज माफ किया, फसल के सही दाम दिए, गरीबों को मनरेगा जैसी स्कीम दी ताकि ग़रीब व्यक्ति को काम मिल सके, बच्चों को स्कूलों में वजीफा दिया, युवाओं को रोजगार दिया। लाली शर्मा ने कहा कि आज पूरा हिंदुस्तान राहुल गांधी को प्रधानमंत्री देखना चाहता है ताकि अपना हिंदुस्तान बचा सके क्योंकि गांधी परिवार ही देश को सुरक्षित रख सकता है।

# एडवांस्ड मिनिमली इनवेसिव तकनीकों पर वर्कशॉप में 31 ऑर्थोपेडिक सर्जनों ने भाग किया

अमृतसर 29 मार्च (मधु राजपूत) रविवार को शेल्बी अस्पताल में आयोजित एक दिवसीय एडवांस्ड मिनिमली इनवेसिव तकनीकों पर वर्कशॉप में क्षेत्र भर के 31 ऑर्थोपेडिक सर्जनों ने भाग किया। वर्कशॉप में अत्याधुनिक आर्थ्रोस्कोपिक और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया, व हाई-वॉल्यूम वाले ऑर्थोपेडिक क्लीनिकों में रोगियों के बेहतर उपचार परिणामों के लिए प्रैक्टिकल स्किल्स पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में शेल्बी के एक्सपर्ट फैकल्टी द्वारा लाइव प्रदर्शन, कैडेवरिक सिमुलेशन इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए गए। मुख्य विषयों में एडवांस्ड घुटने और कंधे की आर्थोस्कोपी, रोबोटिक-सहायता प्राप्त ज्वाइंट रिप्लेसमेंट और मिनिमली इनवेसिव तकनीकों के माध्यम से औसत अस्पताल में रहने की अवधि कम करना शामिल था। चीफ ऑर्थोपेडिक सर्जन, डॉ प्रदीप अग्रवाल ने कहा, यह प्रैक्टिकल स्किल्स प्रशिक्षण सैद्धांतिक और प्रैक्टिकल स्किल्स ज्ञान के बीच की खाई को पाटता है, जिससे सर्जनों को ऐसी तकनीकें अपनाने में मदद मिलती है जो रोगियों के ठीक होने के समय को कम करती हैं और उनकी गतिशीलता में सुधार करती हैं। पंजाब में ऑर्थोपेडिक चिकित्सा की बढ़ती मांग और जोड़ों से संबंधित मामलों में सालाना 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि को देखते हुए, क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवा मानकों को बेहतर बनाने के लिए ऐसी पहल अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, डायरेक्टर-ऑर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट ,डॉ गुरदर्शन सिंह नट ने कहा ।



# छात्रावास रोड़, पुराना बस अड्डा व भगत सिंह चौक के पास से ट्रैफिक पुलिस द्वारा हटवाया गया अतिक्रमण

*शहर में सुगम व सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित करने के लिए पुलिस प्रयास*

**कैथल, 29 मार्च ( सुरेंद्र कुमार ):** कैथल शहर में सुगम व सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित करने के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा ट्रैफिक पुलिस को आदेश दिए गए है, आदेशो पर कार्रवाई करते हुए ट्रैफिक पुलिस की टीम द्वारा सड़क पर रेहड़ी लगाकर तथा दुकानों के आगे सामान रखकर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देश पर शहर में सुगम व सुरक्षित तथा निर्बाध यातायात व्यवस्था स्थापित करने के लिए थाना प्रबंधक यातायात इंस्पेक्टर सतपाल की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस की टीम द्वारा अभियान तहत पुराना बस अड्डा, छात्रावास रोड़ तथा भगत सिंह चौक के पास रेहड़ी लगाकर तथा दुकानों के आगे दुकानदारों द्वारा सामान रख कर किया गया अतिक्रमण हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान सड़क पर रेहड़ी लगाने वाले तथा दुकानदारों को समझाया गया तथा उन्हें बताया गया कि दोबारा सड़क पर रेहड़ी लगाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रवक्ता ने कहा कि सड़क पर रेहड़ी लगाने तथा दुकानों के आगे सामान रखने से रास्ता काफी तंग हो जाता है। जिससे आमजन को निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पडता है। भविष्य में भी समय समय पर ऐसे ऐसे अभियान चला कर जारी रहेगें।

# रक्तदान महादान, देश भक्त युवाओं को आगे आना होगा : कैबिनेट मंत्रियों का आह्वान

**नरवाना, 29 मार्च ( नरेन्द्र कुमार ):** एसडी महिला कॉलेज में मायादेवी



चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में रविवार को मानव सेवा का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। शिविर के शुभारंभ एवं समापन अवसर पर हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्रियों ने पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया।हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई महादान नहीं होता। उन्होंने कहा कि रक्तदाता द्वारा दी गई चंद बूंदें किसी दुर्घटना या गंभीर बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति के लिए जीवन की संजीवनी बन जाती हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे रक्तदान के साथ-साथ पौधारोपण, स्वच्छता अभियान और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें।वहीं हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने शिविर के शुभारंभ अवसर पर कहा कि रक्तदान केवल सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश की अमूल्य धरोहर है और यदि युवा सेवा व सहयोग की भावना अपनाएं तो राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान दोनों मंत्रियों ने रक्तदाताओं को बैज व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया और उनके इस पुण्य कार्य की सराहना की। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं से भी आह्वान किया कि वे ऐसे जनसेवा के कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाएं।शिविर में सैनिकों के सम्मान को भी विशेष रूप से समर्पित किया गया।

# डीजल, पेट्रोल व रसोई गैस को लेकर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : उपायुक्त नेहा सिंह

*जिला वासियों को सही व प्रमाणिक जानकारी देने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी*




**सोनीपत, 29 मार्च ( ब्यूरो ):** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा है कि जिला में डीजल, पेट्रोल तथा रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से सुचारू बनी हुई है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकतानुसार ही खरीदारी करें। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार तेल व गैस एजेंसियों के साथ निरंतर संपर्क में है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। जिला में डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आमजन को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि इन आवश्यक वस्तुओं को लेकर अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं, जहां नागरिक डीजल, पेट्रोल या रसोई गैस से संबंधित किसी भी जानकारी या समस्या के लिए हेल्पलाइन नंबर 0130-2221590 पर संपर्क कर सकते हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में आपूर्ति व्यवस्था की लगातार निगरानी सुनिश्चित करें। साथ ही राज्य सरकार द्वारा भी निगरानी के लिए प्रशासनिक सचिवों की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। जिला वासियों को आश्वस्त करते हुए उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला में डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे इन आवश्यक वस्तुओं की अनावश्यक खरीदारी या भंडारण न करें और प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि भारत पैट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की पाइपलाइन नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बिछाई जा रही है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कंपनी को जल्द से जल्द नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) जारी किए जाए ताकि पाइपलाइन बिछाने का कार्य जल्द से जल्द पूरा हो सके। इसके साथ ही उन्होंने कंपनी के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए की वह पाइप लाइन बिछाने से संबंधित अपना अग्रिम शेड्यूल जारी करें। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों का भी आह्वान किया कि वे अपने-अपने उद्योगों में पीएनजी का प्रयोग करें। उपायुक्त ने बताया कि जिला में 32 गैस एजेंसियों के माध्यम से गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कालाबाजारी, जमाखोरी तथा गैस के अनाधिकृत प्रयोग को रोकने के लिए लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसके तहत समय-समय पर छापामारी कर जांच-पड़ताल भी की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कहीं गैस आपूर्ति में कोई अनियमितता नजर आती है, तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि जिला में गैस की आपूर्ति नियमित रूप से जारी है और उपभोक्ताओं तक सिलेंडर समय पर पहुंचाए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा केवल आवश्यकता अनुसार ही गैस सिलेंडर प्राप्त करें और अनावश्यक रूप से सिलेंडरों का संग्रह न करें। उन्होंने कहा है कि शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार को 25 दिनों के अंतराल के बाद गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार को 45 दिनों के अंतराल पर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है ताकि सभी उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से गैस उपलब्ध करवाई जा सके।

# त्यौड़ा स्कूल के छात्र ने उत्तरी भारत विज्ञान मेला 2026 में हासिल किया शीर्ष सम्मान




**शाहाबाद मारकंडा, 29 मार्च ( रूबी ):** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय त्यौड़ा के छात्र रविंदर ने स्मार्ट एल.पी.जी. और अग्नि सुरक्षा प्रणाली एस.एम.एस./कॉल अलर्ट और एस.एम.एस. ओवरराइड के साथ नामक प्रोजेक्ट के लिए उत्तरी भारत विज्ञान मेला 2026 में प्रथम स्थान हासिल किया। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य सतीश शर्मा ने बताया कि यह दो दिवसीय जोनल स्तर का मेला 26-27 मार्च 2026 को नेशनल साइंस सेंटर, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित हुआ था। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. मनोज कुमार पतेरिया, हेड एवं एडवाइजर, नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन, डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भारत सरकार और डॉ. सी. रवि शेखर, डायरेक्टर, सी.एस.आई.आर. ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सतीश शर्मा ने बताया कि यह प्रोजेक्ट पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और नई दिल्ली के सरकारी व निजी स्कूलों के प्रवेशों में सबसे आगे रहा। अब रविंदर हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के विज्ञान मेले में भाग लेगा। प्राचार्य सतीश शर्मा ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा यह हमारे स्कूल के लिए गर्व का क्षण है। स्कूल का छात्र रविंदर अब राष्ट्रीय स्तर के विज्ञान मेले में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह योग्य हो गया हैं। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट को परिष्कृत करने में पी.जी.टी. फिजिक्स राजेश कुमार, संजय ग्रोवर पी.जी.टी .केमिस्ट्री और डॉ. अंकिता पी.जी.टी. बायोलॉजी का मार्गदर्शन और योगदान उल्लेखनीय रहा।

# ग्राम पंचायतों की वार्ड वार मतदाता सूचियों का हुआ अंतिम प्रकाशन

**कैथल, 29 मार्च ( सुरेंद्र कुमार ):** हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के तहत जिला कैथल की संबंधित ग्राम पंचायतों की वार्ड वार मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की शुक्रवार को कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अपराजिता ने बताया कि आम चुनाव/उप-चुनाव 2026 के मद्देनजर वार्डवार मतदाता सूचियों का प्रारंभिक प्रकाशन 2 मार्च 2026 को किया गया था। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत आपत्तियां एवं सुझाव प्राप्त किए गए और उनका नियमानुसार निपटान किया गया।

# नए शैक्षणिक सत्र के उपलक्ष्य में श्रीअखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया



फाजिल्का, 29 मार्च (बख्शीश सिंह/जसप्रीत सिंह) = स्थानीय जी.ए.वी. जैन आदर्श विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के अवसर पर धार्मिक समागम करवाया गया। विद्यालय प्रबंधन के वाइस प्रिंसिपल शीनम धूडिया द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छात्रों के परीक्षा परिणाम की घोषणा और आगामी सत्र की सफलता के लिए गुरु महाराज का आशीर्वाद लेने हेतु श्री अखंड पाठ साहिब का आयोजन किया गया।इस धार्मिक कार्यक्रम के अंतर्गत वीरवार 26 मार्च से आरंभ हुए श्री अखंड पाठ साहिब का भोग शनिवार 28 मार्च 2026 को सुबह 10=30 बजे श्रद्धापूर्वक डाला गया। इसके पश्चात विशेष कीर्तन दरबार सजाया गया और दोपहर 12=00 बजे गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों और गणमान्य अतिथियों को इस पावन अवसर पर समय पर पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त करने का निमंत्रण दिया था। जी.ए.वी. जैन आदर्श विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट श्री अनिल जैन और प्रिंसिपल नरेश सपड़ा ने नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर विद्यार्थियों और अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास और उन्हें नैतिक मूल्यों से जोड़ना हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब के आशीर्वाद से शुरू होने वाला यह नया सत्र विद्यार्थियों के जीवन में नई ऊर्जा और सफलता लेकर आएगा। विद्यालय प्रबंधन बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा और सुरक्षित भविष्य देने के लिए पूरी तरह से वचनबद्ध है।

## वेरका दूध पाउडर विवाद पर गरमाई सियासत, अश्वनी शर्मा ने लगाए गंभीर आरोप

मोहाली 29 मार्च (निस) पंजाब बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि वेरका दूध पाउडर को सेना द्वारा खारिज किए जाने से लेकर 1000 करोड़ रुपये से अधिक के पंजीरी घोटाले तक, सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। अश्वनी शर्मा ने आरोप लगाया कि बच्चों के पोषण और सैनिकों के स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील मुद्दों पर समझौता करना महज गलती नहीं, बल्कि गंभीर अपराध है। उन्होंने कहा कि इन मामलों पर सरकार की चुप्पी एक बड़े मिल्क माफिया गठजोड़ की ओर इशारा करती है। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए CBI जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना से कंपनी की विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं।

# हलका जीरा के बाढ़ प्रभावित गांवों में घरों के पुनर्निर्माण का काम तेज, सात में से दो घर बनकर तैयार



जीरा, 29 मार्च (निस)हल्का जीरा के बाढ़ प्रभावित गांवों में मानवता की सेवा की भावना के साथ निश्काम सिख वेलफेयर काउंसिल, नई दिल्ली और मिसल सतलुज द्वारा घरों के पुनर्निर्माण के लिए किए जा रहे प्रयास लगातार आगे बढ़ाए जा रहे हैं। इस संबंध में दोनों संस्थाओं की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का विस्तृत सर्वेक्षण करके मौके की स्थिति का जायज़ा लिया गया तथा अगले चरण की योजना के बारे में विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर निश्काम सिख वेलफेयर काउंसिल की ओर से श्री नरेंद्र सिंह (दिल्ली) और श्री हरविंदर सिंह (फरीदकोट) उपस्थित रहे, जबकि मिसल सतलुज की ओर से जनरल सचिव श्री दविंदर सिंह सेखों की अगुवाई में श्री रोमन बराड़, श्री गुरबीर सिंह बब्बू खोसा तथा श्री गुरमन सिंह निजामदीन वाला ने भी भागीदारी की।

यहाँ उल्लेखनीय है कि हल्का जीरा के गांव आलेवाला, फत्तेवाला और काले के हथाड़ में कुल 7 घरों का पुनर्निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इनमें से 2 घरों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष घरों का कार्य भी तेज़ी से अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है। यह प्रयास प्रभावित परिवारों के जीवन में नई आशा और सुरक्षित छत उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

इस दौरान मिसल सतलुज के जनरल सचिव श्री दविंदर सिंह सेखों द्वारा प्रभावित परिवारों से व्यक्तिगत स्तर पर मुलाकात कर उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा आश्वासन दिया गया कि शेष घरों का पुनर्निर्माण कार्य भी जल्द से जल्द पूरा कर बाढ़ पीड़ित परिवारों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण उपलब्ध करवाया जाएगा।

निस्वार्थ सेवा की भावना से चल रहे इस प्रयास की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की जा रही है और यह मानवता की भलाई के लिए सामाजिक संस्थाओं की प्रतिबद्धता का प्रतीक बन रहा है।

# रंधावा के घर बिजली कटने पर सियासत तेज, जाखड़ ने सुरक्षा को लेकर किए सवाल

अमृतसर 29 मार्च (निस) अमृतसर में डीएम गगनदीप सिंह रंधावा के घर की बिजली सप्लाई बंद करने पर जहां कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं वहीं परिवार में भी डर का माहौल है। भाजपा नेता सुनील जाखड़ ने ट्वीट कर पंजाब सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि डीएम गगनदीप रंधावा के घर की बिजली की तारें काटी गईं और घर के बाहर संदिग्ध लोग देखे गए, जिससे परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। जाखड़ ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके शासन में ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जो बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार इस स्तर तक गिर सकती है और क्या उसमें नैतिकता का कोई स्थान बचा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले सरकार के एक मंत्री ने डीएम गगनदीप रंधावा को मानसिक रूप से इतना परेशान किया कि वे आत्महत्या करने को मजबूर हो गए, और अब उनके परिवार को डराने-धमकाने की कोशिशें की जा रही हैं। जाखड़ ने यह भी कहा कि सरकार ने अब तक परिवार को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध नहीं करवाई है और न ही मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। सरकार की शह पर परिवार को डराने की कोशिश हो रही है। भाजपा इस तरह की हरकतों की सख्त शब्दों में निंदा करती है। इन घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई जांच बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पूरे पंजाब में इस केस को सीबीआई को सौंपने की मांग उठ रही है।

## घुड़सवार 'डाकू' बनकर लोगों के लूट लिए सिलेंडर, आकर्षण का केंद्र

बठिंडा 29 मार्च (निस) ईरान-इजराइल-अमरीका जंग के चलते पैदा हुई गैस की कथित किल्लत के विरोध में लाइनपार क्षेत्र के पूर्व पार्षद ने अनोखा प्रदर्शन किया। विजय कुमार ने एक घुड़सवार डाकू का वेष धारण करके लोगों से गैस के सिलैंडर लूट लिए। पूर्व पार्षद विजय कुमार द्वारा किया गया ये अनोखा प्रदर्शन लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस अवसर पर विजय कुमार ने बताया कि गैस एजैंसियों में बुकिंग करवाने के बाद भी लोगों को रसोई गैस नहीं मिल रही जिसके लिए केंद्र व राज्य सरकारें पूरी तरह जिम्मेवार हैं। अब गैस की किल्लत सामने आ रही है जबकि पैट्रोल पम्पों पर भी लाइनें लगनी शुरू हो जाती हैं जिससे आम लोग बेहद परेशान हैं। उन्होंने कहा कि भारत से हजारों किलोमीटर दूर जंग लगी हुई है लेकिन सरकारों की नाकामी के कारण उस जंग की तपिश भारत में पहुंचने लगी है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारों को तुरंत उचित कदम उठाकर लोगों को राहत देनी चाहिए।

## नवमी पर्व पर किया कंजक पूजन



अमृतसर 29 मार्च (मधु राजपूत)समाज सेवक चन्ना चूड़े वाले ने महामाई के चैत्र मास के नवरात्रों की नवमी पर्व पर समाज सेवक गुरचरण सिंह चन्ना चूड़े वाले ने महामाई के स्वरूप के रूप में कंजकों का पूजन कर यह पर्व बड़े हर्षो उल्हास से मनाया इस दिन उन्होंने अपने घर पर छोटी-छोटी कन्याओं को बड़े सम्मान के साथ बुलाया उनके चरण धोए चुनरिया भेंट की उपहार स्वरूप उन्हें कंजक चूड़े, गेंद,चूड़ियां, पेन और महामाई का प्रसाद देकर उन्हें विदा किया। इस अवसर पर चन्ना ने कहा कि हम सभी को कन्याओं को आगे बढ़ने और पढ़ने के प्रति प्रेरित करते रहना। चाहिए जिससे हमारे आने वाले कल की पीढ़ी नई सोच नई ऊर्जा लेकर समाज में अपना योगदान दे सके और हमारा देश उत्तम नव निर्माण की दिशा में आगे बढ़े इस अवसर पर उनकी सुपुत्री शरणजीत कौर लाडो,हरप्रीत हैप्पी मौजूद थे।

## आम आदमी क्लीनिक

**पृष्ठ एक का शेष** ...पंजाब में लगभग 1500 आम आदमी क्लीनिक कार्यशील हो जाएंगे। उन्होंने कहा, पंजाब के हर कोने, हर गांव और हर मोहल्ले में आपको एक आम आदमी क्लीनिक मिलेगा। अगर आपको कोई छोटी समस्या है तो आप इलाज के लिए वहां जा सकते हैं, जहां डॉक्टर की सलाह, इलाज, टेस्ट और दवाइयाँ सब मुफ्त हैं। पिछले 75 सालों में बाकी सारी पार्टियों ने पंजाब पर राज किया — कांग्रेस ने राज किया, भाजपा ने राज किया, अकाली दल ने राज किया — लेकिन उन्होंने ऐसा एक भी क्लीनिक नहीं खोला जहां लोगों को ऐसी सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल सके।अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि चार सालों के अंदर आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरे पंजाब में मुफ्त इलाज सुनिश्चित किया है। अब तक 5 करोड़ ओपीडी विजिट्स दर्ज की गई हैं। पंजाब की आबादी 3 करोड़ है, जिसका मतलब है कि बहुत से लोग कई-कई बार इन क्लीनिकों में इलाज करवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यहां शुगर के मरीज हैं, ब्लड प्रेशर के मरीज हैं, जो हर महीने इन क्लीनिकों से दवाई लेते हैं और कई ऐसे हैं जो एक बार, दो बार या तीन बार यहां जा चुके होंगे, क्योंकि उन्हें इन क्लीनिकों में मुफ्त इलाज और दवाइयाँ मिल रही हैं।

फीडबैक और निगरानी के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दफ्तर से आम आदमी क्लीनिकों में आने वाले सभी मरीजों को फोन किए गए। उनसे उनके अनुभव के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह ज्यादा सुविधाजनक रहा।

## हर नागरिक को सहयोग...

**पृष्ठ एक का शेष** ...उनके साथ हो रहे भेदभाव को जवाब देगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेट्रोल व डीजल पर एक्साइज ड्यूटी को कम करके तेल के दामों को कम किया है, जबकि कई देशों के बीच चल रहे युद्ध के दौरान दूसरे देशों ने तेल के दामों में बढ़ोतरी की है। इससे पहले भी जब देश में कोई महामारी या आपदा आई तो उसको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उसका एकजुट होकर सामना किया गया है। इस मौके पर चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी,भाजपा प्रदेश सचिव राहुल राणा, प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सागवान, महिला जिलाध्यक्ष वंदना गौरी, परमजीत कौर कश्यप,नरेंद्र पाल डाबला, जिला उपाध्यक्ष अनु मालयन , देवी दयाल शर्मा , कार्यालय सह प्रभारी रमेश सैनी, अमन सैनी, दीपक शर्मा,हन्नू चक्रपाणि,सभी जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## इंडियन आर्मी के वेरका मिल्क रिजेक्ट मामले पर जताई चिंता

मोहाली 29 मार्च (निस) पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने इंडियन आर्मी द्वारा क्वालिटी की चिंताओं के कारण वेरका मिल्क प्रोडक्ट्स को रिजेक्ट करने की खबर पर गहरा दुख और चिंता जताई है। उन्होंने इस घटना को पंजाब के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। राजा वड़िंग ने राज्य की आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार पंजाब की राजधानी और विरासत को बर्बाद कर रही है। उनके मुताबिक, वेरका पंजाब के इतिहास और विरासत का एक अहम हिस्सा रहा है, लेकिन मौजूदा हालात की वजह से इसकी साख पर सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस प्रधान ने कहा कि इस पूरे मामले की पूरी और बिना किसी भेदभाव के जांच होनी चाहिए। इस लापरवाही के लिए जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और दोषियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर वेरका जैसे बड़े ब्रांड के प्रोडक्ट्स की क्वालिटी में कमी पाई गई है, तो दूसरी कंपनियों के प्रोडक्ट्स की भी जांच होनी चाहिए, क्योंकि यह लोगों की सेहत से जुड़ा एक गंभीर मामला है।

## मंगलवार को मीट और शराब की दुकानें रहेंगी बंद, जारी हो गए सख्त आदेश

लुधियाना 29 मार्च (निस) लुधियाना में मंगलवार 31 मार्च को दुकानें बंद रहने के आदेश जारी हुए हैं। जैन धर्म के महापर्व भगवान महावीर जयंती के 2625वें जन्मोत्सव के उपलक्ष पर महानगर की सभी मांस मीट की दुकानों सहित शराब के अहाते बंद रहेगे। उक्त जानकारी डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने प्रैस नोट के जरिए जारी की है। डीसी हिमांशु जैन ने बताया कि भगवान महावीर की जयंती देश-विदेश में धार्मिक भावनाओं के साथ मनाई जाती है। भगवान महावीर अहिंसा के पुजारी थे। जिस कारण इस दिवस को अहिंसा दिवस के रुप में भी मनाया जाता है। समस्त जैन समाज की भावनाएं इस महापर्व से जुड़ी होती है। जिस कारण इस पर्व पर कई प्रकार के असामाजिक तत्व माहौल खराब करने के लिए जीव हत्या कर नॉनवेज का सेवन कर माहौल खराब कर सकते है। उन्होंने आदेश जारी करते हुए कहा कि महानगर में 31 मार्च को सभी मांस की दुकानें, अंडो की रेहड़ियां व शराब के अहाते पूर्ण रुप से बंद रहेंगे। होटलों में नॉनवेज परोसा नही जायेगा। इन आदेशों का उल्लघंन करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कारवाई होगी। महानगर के पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा ने भी उक्त आदेश जारी करते हुए सभी को इस महापर्व को अहिंसा के साथ मनाने की अपील की है।

## जालंधर सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की खुली पोल, वीडियो में कैद

जालंधर 29 मार्च (निस) जालंधर के सिविल अस्पताल में आपातकालीन सेवाओं की गंभीर लापरवाही सामने आई। सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिक नेता अंगद दत्ता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार बीती 26 मार्च की रात करीब 10 बजे अस्पताल में 2 गंभीर घटनाएं देखी गईं। पहली घटना में एक गंभीर मरीज अस्पताल पहुंचा, लेकिन कोई भी डॉक्टर या स्टाफ मदद के लिए आगे नहीं आया। मरीज के साथ आए व्यक्ति को खुद ही व्हीलचेयर का इंतजाम करना पड़ा और मरीज को इमरजेंसी वार्ड तक ले जाना पड़ा। इसे आपातकालीन सेवाओं की पूरी तरह विफलता बताया गया है। दूसरी घटना में एक एंबुलेंस को अस्पताल के इमरजेंसी गेट पर गलत पार्किंग के कारण बीच रास्ते में रुकना पड़ा। इस तरह की देरी मरीज की जान के लिए खतरा बन सकती है। आम जनता में इस घटना को लेकर आक्रोश है।

# भारत विकास परिषद की तरफ से राजपुरा में 11वां मेडिकल चेकअप कैंप लगाया गया




राजपुरा, 29 मार्च (राजिंदर सिंह कंबोज) भारत विकास परिषद राजपुरा यूनिट की तरफ से आज प्रेसिडेंट सुरिंदर सेठी की लीडरशिप में 11वां मेडिकल चेक-अप कैंप लगाया गया, जिसमें करीब 250 मरीजों ने इक्क्ष करवाया और उन्हें फ्री दवाइयां दी गईं। इस बारे में जानकारी देते हुए चेयरमैन डॉ. संजीव चौधरी और प्रेसिडेंट सुरिंदर सेठी ने बताया कि भारत विकास परिषद की तरफ से आम जरूरतमंद लोगों के लिए लगाए गए इस 11वें कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने मैक्स हॉस्पिटल मोहाली के स्पेशलिस्ट डॉक्टर और राजपुरा के एक जाने-माने आंख, हड्डी और स्किन स्पेशलिस्ट डॉक्टर से अपना चेक-अप करवाया और फ्री दवाइयां लेकर टेस्ट भी करवाए। भारत विकास परिषद के प्रेसिडेंट ने आने वाले दिनों में दूसरे प्रोजेक्ट्स के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 5 अप्रैल से एक फ्री सिलाई सेंटर शुरू किया जा रहा है जिसमें जरूरतमंद लड़कियां अपना रजिस्ट्रेशन करा कर फ्री सिलाई की शिक्षा ले सकती हैं। इस मौके पर सरदार गुरदेव सिंह चीफ गेस्ट के तौर पर शामिल हुए और भारत विकास परिषद की तरफ से डॉ. संजीव चौधरी सुरिंदर सेठी, मास्टर मित्र दत्त शर्मा और निष्काम मेडिकल हेल्पलाइन की प्रेसिडेंट सुषमा सेठी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

# 243वें दिल्ली फतेह दिवस की शानदार शुरुआत-कमेटी ने उपराज्यपाल तरनजीत संधू को सम्मानित किया



नई दिल्ली, 29 मार्च (अमृतपाल) दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका ने बताया कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा संगतों के भरपूर सहयोग से मनाए जा रहे 243वें दिल्ली फतेह दिवस के पावन अवसर पर पहले दिन के गुरमत समागम लाल किला मैदान में बड़ी धूमधाम और गुरबाणी के आध्यात्मिक वातावरण में आरंभ हो गए हैं। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक समागम के पहले दिन दिल्ली तथा आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में संगतों ने श्रद्धा, उत्साह और चढ़दी कला के भाव के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर गुरु घर के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा का परिचय दिया। संगतों की विशाल भागीदारी ने समागम को विशेष गरिमा प्रदान की और पूरा वातावरण गुरबाणी के रस से गुंजायमान हो उठा।सरदार कालका ने जानकारी देते हुए बताया कि फतेह दिवस के पहले दिन दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा दिल्ली के नवनियुक्त उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू सहित महापुरुषों, समस्त सिख जत्थेबंदियों, निहंग सिंह जत्थेबंदियों तथा विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख एवं सम्मानित हस्तियों को सम्मानित कर उनके देश के प्रति अमूल्य योगदान की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि दिल्ली फतेह दिवस केवल एक ऐतिहासिक स्मृति नहीं है, बल्कि सिख कौम की बहादुरी, आध्यात्मिकता और बलिदान की महान विरासत का प्रतीक है, जिसे मनाना प्रत्येक सिख के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है।

# शादी के कुछ दिन बाद ही दुबई से लौटे युवक की संदिग्ध हालात में मौत, सदमे में परिवार

गुरदासपुर 29 मार्च (निस) विदेश में पंजाब के युवक की मौत होने की खबर सामने आई है। जिला गुरदासपुर के थाना भैणी मियां खां के अधीन आते गांव मौजपुर के 25 वर्षीय युवक कुलवंत सिंह की दुबई में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की दुखद खबर है। मृतक के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। मृतक के पिता अजीत सिंह और भाई बसंत सिंह ने बताया कि कुलवंत सिंह रोजगार की तलाश में पिछले कुछ समय से खाड़ी देश दुबई में रह रहा था। कुछ समय पहले वह शादी के लिए अपने गांव लौटा था और विवाह के बाद कुछ दिन घर रहने उपरांत दोबारा दुबई चला गया था। परिवार के अनुसार कुलवंत सिंह ने अपने भाई को फोन कर बताया था कि ससुराल पक्ष के कुछ लोग, जिनमें उसका साला और साढू शामिल हैं, उसे परेशान करते थे और जान से मारने की धमकियां भी देते थे। उसने जल्द ही घर वापस आने की बात भी कही थी। परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पहले जब कुलवंत सिंह अपने कमरे से बाहर गया तो थोड़ी दूर पर उसकी खून से लथपथ लाश मिलने की सूचना मिली। इस घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है और परिजन इसे हत्या का मामला बता रहे हैं। परिवार ने यह भी बताया कि कुलवंत सिंह की पत्नी इस समय अपने मायके में रह रही है और वह कुलवंत सिंह के कुछ जरूरी दस्तावेज भी अपने साथ ले गई है। परिजनों ने आरोप लगाया कि इस मामले में उसकी पत्नी के कुछ रिश्तेदारों की भूमिका हो सकती है, इसलिए पूरे मामले की गहन जांच की जानी चाहिए।




इन्द्रप्रीत कौर दर्दी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक भारत देश हमारा ने जेएसडी पब्लिकेशन्स प्रा. लिमि. पटियाला के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब , सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह से छपवाकर कार्यालय भारत देश हमारा गुरू हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल बिल्डिंग, पुरानी प्रेस रोड , पटियाला से प्रकाशित किया।
PRGI (RNI) Regd. No.42376/1985